शुक्रवार, 8 नवम्बर 2024

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 32 – 23 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 5:46 | सूर्यास्त: 16:55 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कुछ बातें, कुछ यादें और कुछ लोग कभी भुलाये नहीं जा सकते।



सनातन और संतों के काम में आने वाली बाधाओं को संघ के स्वयंसेवक डंडा लेकर दूर करेंगे : मोहन भागवत -पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

छठ महापर्व को लेकर बंगाल में भारी उत्साह

# गंगा घाटों पर छठव्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

- गंगा घाटों व तालाबों के किनारे दिखा मिनी बिहार जैसा नजारा
- आज उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे छठव्रती



**कोलकाता, समाज्ञा :** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बंगाल में भी लोगों का उत्साह चरम पर है। सूर्य उपासना के चार दिवसीय छठ महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार की शाम को हजारों छठव्रतियों ने राजधानी कोलकाता, हावड़ा व अन्य हिस्सों में हुगली (गंगा) नदी के किनारे विभिन्न घाटों पर अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया। भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के लिए कोलकाता, हावड़ा के अलावा अन्य जिलों में भी नदियों एवं तालाबों के किनारे छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इससे छठ घाटों पर बंगाल में भी मिनी बिहार जैसा नजारा दिखा। लोगों में छठ को लेकर गजब का उत्साह दिखा। इस दौरान, पुलिस प्रशासन की ओर से विभिन्न घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न सेवा संस्थाओं के कार्यकर्ता भी घाटों पर सक्रिय दिखे। विभिन्न तरह के फलों, ठेकुआ व अन्य पकवान एवं जलते दीपक से भरे सूप लिए नदी/तालाब के पानी में खड़ा होकर छठव्रतियों ने भक्ति एवं श्रद्धा के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। बताते चलें कि राजधानी कोलकाता, हावड़ा, हुगली, आसनसोल, सिलीगुड़ी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में बड़ी तादाद में रहने वाले बिहार व उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी लोग हर साल यहां बड़े धूमधाम के साथ छठ मनाते हैं। वहीं, आज सुबह छठव्रती उदीयमान यानी उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसी के साथ चार दिवसीय लोक आस्था के इस महापर्व का समापन हो जाएगा। इसके बाद, छठव्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ प्रसाद ग्रहण करेंगे।

**घाटों पर किए गए थे सुरक्षा के विशेष इंतजाम**

पहला अर्घ्य देने के लिए कोलकाता में हुगली नदी के किनारे बाबू घाट, जगन्नाथ घाट, मल्लिक घाट, प्रिंसेप घाट, पाथुरिया घाट, दही घाट, बीएनआर घाट, बाजेकदमतल्ला घाट, नीमतला घाट, बाग बाजार घाट, शोभाबाजार घाट आदि पर छठव्रतियों की भारी भीड़ उमड़ी। इसी तरह हावड़ा में भी रामकृष्णपुर सहित विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। श्रद्धालुओं की भीड़ एवं छठव्रतियों की सहूलियत के लिए पुलिस एवं कोलकाता व हावड़ा नगर निगम की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस की ओर से कोलकाता व हावड़ा में सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न घाटों पर वाच टावर एवं पुलिस पिकेट भी बिठाए गए हैं। सादे पोशाक में भी महिला व पुलिस पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को छठ की शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देशवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख व समृद्धि की कामना की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''छठ के संध्या अर्घ्य के पावन-पुनीत अवसर पर आप सभी को मेरी असीम शुभकामनाएं। सादगी, संयम, संकल्प और समर्पण का प्रतीक यह महापर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए। जय छठी मइया!''

## ममता ने छठ पूजा पर लिखा गीत किया जारी

घाट पर जाकर छठव्रतियों से की मुलाकात



- मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने सभी को छठ पूजा की दी शुभकामनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हर वर्ष की भांति इस बार भी छठ पूजा पर पहले अर्घ्य के दौरान गुरुवार की शाम को हेस्टिंग्स इलाके में दही घाट पर जाकर छठव्रतियों से मुलाकात की और सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान, ममता के साथ शहरी विकास मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, कोलकाता के पुलिस आयुक्त (सीपी) मनोज वर्मा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। इस मौके पर ममता ने कहा कि हर साल यहां छठ पूजा धूमधाम से होती है। सारी तैयारियां की गई हैं, पुलिस बल भी व्यापक मात्रा में तैनात है। आप सभी को बंगाल सरकार और बंगाल वासियों की ओर से छठ पूजा की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हम यहां बहुत सालों से आते हैं। छठ पूजा के लिए 126 घाटों की सफाई की गई, सभी इंतजाम किए गए हैं। इस बार, ममता ने छठ पूजा पर एक गीत भी लिखा है, जिसे उन्होंने दिन में अपने फेसबुक पेज पर जारी किया। महानगर के विभिन्न घाटों पर उनके द्वारा लिखे गीतों को सुनाया भी गया। ममता ने फेसबुक पर लिखा कि छठ पूजा हमारे प्रकृति और छठी मैया के प्रति गहरे आभार, श्रद्धा और अटूट विश्वास का पर्व है। इस पावन पर्व पर, उन सभी श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, जो दिनभर का उपवास रखकर तथा प्रातः और संध्या को अर्घ्य अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं।इस वर्ष, भक्ति और श्रद्धा के इस पवित्र अवसर पर, मैंने आप सभी के लिए एक विनम्र प्रयास किया है- एक गीत, जिसे मैंने विशेष रूप से लिखा और संगीतबद्ध किया है।छठ पूजा की आप सभी को शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं। राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने भी सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि छठ पूजा के पावन अवसर पर मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह त्यौहार आपके जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। आइए हम सब मिलकर सूर्य देव और प्राकृतिक तत्वों का सम्मान करते हुए कृतज्ञता और भक्ति की भावना का जश्न मनाएं।

### जयशंकर की प्रेस वार्ता कवर करने वाले ऑस्ट्रेलियाई मीडिया प्रतिष्ठान पर कनाडा ने लगायी पाबंदी : भारत


**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनकी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के संवाददाता सम्मेलन के प्रसारण के कुछ घंटों बाद एक ऑस्ट्रेलियाई मीडिया प्रतिष्ठान को ब्लॉक कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' के सोशल मीडिया हैंडल और कुछ पेजों को ब्लॉक करने की कनाडा की कार्रवाई से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति पाखंड की बू आती है। अपनी साप्ताहिक मीडिया वार्ता में एक सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा, हम समझते हैं कि इस विशेष संस्थान के सोशल मीडिया हैंडल, पेज, जो प्रवासियों के लिये एक महत्वपूर्ण मंच हैं, को ब्लॉक कर दिया गया है और वे कनाडा में दर्शकों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। यह घटना इस विशेष हैंडल द्वारा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के पेनी वोंग के साथ संवाददाता सम्मेलन को प्रसारित करने के ठीक एक घंटे या कुछ घंटों बाद हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम हैरान थे। यह हमें अजीब लग रहा है।

## विरोधी पक्षों के बीच समझौते के आधार पर यौन उत्पीड़न के मामले को बंद नहीं किया जा सकता: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि विरोधी पक्षों के बीच समझौता होने के बाद भी यौन उत्पीड़न के किसी मामले को बंद नहीं किया जा सकता क्योंकि इस तरह के अपराधों का समाज पर गंभीर असर होता है। यह टिप्पणी राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए की गई, जिसमें राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में एक स्कूल में 16 वर्षीय लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने संबंधित प्राथमिकी और आगे की सभी कार्यवाहियों को रद्द करने के लिए निर्धारित कानून को गलत तरीके से पढ़ा है और लागू किया है। पीठ ने कहा, ''बच्चों के खिलाफ ऐसे अपराधों को जघन्य और गंभीर माना जाना चाहिए। कहने की जरूरत नहीं है कि ऐसे अपराधों को निजी प्रकृति के अपराधों के रूप में हल्के में नहीं लिया जा सकता है और वास्तव में, ऐसे अपराधों को समाज के खिलाफ अपराध के रूप में लिया जाना चाहिए।''

## कांग्रेस का भी वही हश्र होगा जो अनुच्छेद 370 और 35ए का हुआ : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पर निशाना साधते हुए अनुच्छेद 370 और 35ए को बहाल करने के दोनों दलों के आह्वान की कड़ी आलोचना की। मुख्यमंत्री छठ पूजा के अवसर पर यहां लक्ष्मण मेला मैदान में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। हाल ही में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में इन अनुच्छेदों को बहाल करने का प्रस्ताव लाने के घटनाक्रम का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश और घाटी को फिर से आतंकवाद की आग में धकेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''इनसे जम्मू कश्मीर का विकास और वहां के बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इनकी विघटनकारी नीतियों को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। देश के 140 करोड़ वासी हर हाल में देश की एकता तथा अखंडता के लिए दृढ़ता से खड़े हैं और इससे खिलवाड़ करने वालों को मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।''

## आरजीकर मामला : सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को आदेश, नेशनल टास्क फोर्स की रिपोर्ट राज्यों को करें शेयर

सीबीआई की अगली स्टेटस रिपोर्ट की सुनवाई 11 नवंबर को

**कोलकाता :** कोलकाता में आरजीकर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ रेप के बाद हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा था। जिसको लेकर आज कोर्ट ने सीबीआई द्वारा पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट पर सुनवाई की। जहां सुनवाई के दौरान वकील कनु अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार कि तरफ़ से नेशनल टास्क फोर्स की रिपोर्ट भी दाखिल की गई है। और उस रिपोर्ट को तीन भागों में बांटा गया है। जिसके बाद सरकार द्वारा दाखिल रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए कोर्ट ने निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र इस रिपोर्ट को राज्यों को शेयर कर दें। इसके अलावा कोर्ट ने रिपोर्ट को लेकर राज्यों से सुझाव भी मांगे हैं। आज सीबीआई द्वारा शेयर स्टेटस रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि हमने देखा कि इस रिपोर्ट से यह साफ़ संकेत मिलता है कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने बीएनएसएस की धारा 64 और 103 के तहत दंडनीय आरोप तय किए हैं। और इस केस में अभी जांच चल रहीं है इसीलिए कोर्ट ने किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की। सीबीआई की अगली स्टेटस रिपोर्ट के साथ सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

### मामले की सुनवाई बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने से इनकार

उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मुकदमे को पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश के पास सबूतों पर गौर करने के बाद जरूरी महसूस होने पर एक और जांच का आदेश देने के लिए पर्याप्त शक्तियां हैं।

## जेट एयरवेज अब कभी नहीं भर पाएगी उड़ान, पांच साल से ठप एयरलाइन का होगा परिसमापन

**नयी दिल्ली :** जेट एयरवेज ने 25 साल तक पूर्ण सेवा एयरलाइन के रूप में उड़ान भरने के बाद पांच साल पहले अप्रैल के महीने में अस्थायी रूप से अपना परिचालन बंद करने की घोषणा की थी। नकदी संकट की वजह से एयरलाइन ने यह कदम उठाया था। अब उच्चतम न्यायालय के एयरलाइन के परिसमापन के आदेश के बाद इसके फिर से उड़ान भरने की संभावना पूरी तरह समाप्त हो गई है। एयरलाइन का परिचालन ठप होने के बाद से करीब 20,000 से अधिक नौकरियां जा चुकी हैं और ऋणदाताओं, विक्रेताओं और यात्रियों का हजारों करोड़ रुपये का बकाया दिवाला समाधान की प्रतीक्षा में 'डूब' गया है। आज सर्वोच्च न्यायालय ने एयरलाइन के परिसमापन का आदेश दे दिया, जिससे एयरलाइन के अस्तव्यस्त सफर का औपचारिक समापन हो गया तथा पुनरुद्धार की उम्मीदें भी चकनाचूर हो गईं। एयरलाइन की आखिरी उड़ान एस2-3502 अमृतसर से 17 अप्रैल, 2019 को रात करीब 10.30 बजे रवाना हुई और 18 अप्रैल को तड़के 12.22 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। जेट एयरवेज की किफायती इकाई जेटलाइट ने बोइंग 737-800 विमान के साथ उड़ानों का संचालन किया, जिसे बाद में किफायती एयरलाइन स्पाइसजेट ने पट्टे पर ले लिया। अपने परिचालन के चरम के दौरान जेट एयरवेज के पास 120 से ज़्यादा विमान थे। बढ़ते कर्ज और कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं होने के चलते जब एयरलाइन ने परिचालन बंद किया था तो उसके पास अपने खुद के 16 विमान थे।

### भारत ने बांग्लादेश से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया

नयी दिल्ली : बांग्लादेश के चटगांव में भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के बाद तनाव की खबरों के बीच भारत ने बृहस्पतिवार को ढाका से चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और देश के हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यहां साप्ताहिक मीडिया वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चटगांव में हिंदू समुदाय के सदस्यों पर कथित हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह तनाव सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट का परिणाम था। जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश सरकार से ऐसे चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील करता है।

### भारतीय अमीरों में परमार्थ कार्यों में सबसे आगे हैं शिव नादर, अंबानी दूसरे तो अदाणी पांचवें स्थान पर

**मुंबई :** एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर ने वित्त वर्ष 2023-24 में परोपकार के मामले में एक बार फिर देश के सबसे अमीर लोगों को पीछे छोड़ दिया है। एडेलगिव-हुरुन इंडिया की परमार्थ सूची के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में परोपकारी कामों में नादर की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत बढ़कर 2,153 करोड़ रुपये हो गई। देश के सबसे अमीर भारतीय गौतम अदाणी के 330 करोड़ रुपये और दूसरे सबसे अमीर रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी के 407 करोड़ रुपये की तुलना में यह राशि बहुत अधिक है। इस सची में अंबानी दूसरे और अदाणी पांचवे स्थान पर हैं। मोटर वाहन और फाइनेंस क्षेत्र में रुचि रखने वाले बजाज परिवार ने सालाना आधार पर 33 प्रतिशत अधिक 352 करोड़ रुपये परमार्थ कार्यों के लिए दिया और सूची में तीसरे स्थान पर जगह बनाई। कुमारमंगलम बिड़ला और उनका परिवार 334 करोड़ रुपये के कुल दान के साथ चौथे स्थान पर रहा, जो सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि है।

# आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है सरकार : अमित शाह




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जल्द ही एक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। शाह ने यह भी कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है, लेकिन आतंकवाद की कोई क्षेत्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियों – केंद्रीय और राज्य – को निकट समन्वय के साथ काम करना चाहिए, संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए और खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के रूप में एक मॉडल दृष्टिकोण पेश किया है, जिसे यदि अपनाया जाता है तो यह आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए एक साझा ढांचे और मंच के रूप में काम करेगा। गृह मंत्री ने यहां एक आतंकवाद-निरोधक सम्मेलन में कहा, ''आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा, और इसीलिए हम जल्द ही एक नई राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति लाएंगे जिसमें आप सभी की अहम भूमिका होगी।'' उन्होंने कहा कि नई नीति से राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों को आतंकवाद से निपटने में निकट समन्वय से काम करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हर किसी को सभी सुरक्षा चुनौतियों से निपटना होगा और आतंकवाद से लड़ने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को युवा अधिकारियों को प्रशिक्षित करना पड़ेगा और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा। शाह ने कहा, ''2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

श्री सहस्रार्जुन जयन्ती एवं जायसवाल दिवस के उपलक्ष्य में सभी स्वजातीय बंधुओं का हार्दिक अभिनन्दन





विकास जायसवाल
महासचिव :
श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती समारोह समिति

## चतुराई से निपटना होगा भारत को

अपनी दूसरी पारी के लिये डोनाल्ड ट्रंप फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। हालांकि, अमेरिका फर्स्ट को प्राथमिकता देने वाले ट्रंप की नीतियां व्यापार व आव्रजन के मुद्दे पर भारत के लिये परेशानियां खड़ी कर सकती हैं। वर्ष 2017 से 2021 के बीच राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली पारी के दौरान कई मोर्चों पर निबटने का अनुभव जरूर मोदी सरकार के पास है। गाहे-बगाहे मोदी ट्रंप को अपने दोस्त के रूप में संबोधित करते रहे हैं। हालांकि, यह कहना जल्दबाजी होगी कि हाल के दिनों में भारत के खिलाफ तल्ख रवैया अपनाने वाले बाइडन प्रशासन की नीतियों में ट्रंप आमूल-चूल परिवर्तन कर देंगे। सारी दुनिया जानती है कि अमेरिकी नीतियां अमेरिका पर शुरू होकर अमेरिका पर भी खत्म हो जाती हैं। अपने चुनाव अभियान में भी ट्रंप भारत की आर्थिक संरक्षण की नीतियों की आलोचना कर चुके हैं। अमेरिका फर्स्ट की नीतियों के पैरोकार ट्रंप विगत में अमेरिका से आयात होने वाली हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल पर टैरिफ घटाने को लेकर भारत के प्रति नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। मूल रूप से व्यवसायी से राजनेता बने ट्रंप ने पहले कार्यकाल के दौरान भी अमेरिकी उद्योगों को संरक्षण देने को अपनी प्राथमिकता बनाया था। ऐसे में संभव है कि वे अमेरिकी उत्पादों व सेवाओं के संरक्षण को लेकर भारत के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाएं। वे अपने कई उत्पादों पर अपनी सुविधा के अनुरूप टैरिफ बढ़ाने के लिये भारत पर दबाव बना सकते हैं। साथ ही आशंका है कि वे भारतीय निर्यात पर टैरिफ बढ़ाकर हमारे लिये आर्थिक मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। जिससे भारत द्वारा अमेरिका से किया जाने वाला आयात भी महंगा हो सकता है। फलत: भारतीय उपभोक्ताओं की मुश्किलें महंगाई वृद्धि से बढ़ सकती हैं। बहरहाल, ट्रंप की सफलता से अमेरिकी कारोबार जगत खासा उत्साहित है, जिसके चलते अमेरिकी शेयर बाजार खुशी से झूमा है। लेकिन इसके बावजूद हिंद प्रशांत में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूती देगी।

बहरहाल, यह एक हकीकत है कि ट्रंप एक बार फिर सत्ता में लौटे हैं और भारत तथा दुनिया को इस अप्रत्याशित चरित्र से निपटने के लिये तैयार रहना होगा। यह व्यक्ति एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताता है, वहीं भारत को अमेरिका के व्यापारिक हितों के विरुद्ध नीतियां बनाने वाला बताता है। यहां तक कि अपने चुनाव अभियान के दौरान भी ट्रंप अमेरिकी वस्तुओं पर भारी कर लगाने के लिये भारत की आलोचना कर चुके हैं। साथ ही अमेरिका को फिर से असाधारण रूप से संपन्न बनाने के लिये द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में 'जैसे को तैसा' की नीति अपनाने का आह्वान किया था। ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि रिपब्लिकन प्रशासन अमेरिका को भारत से होने वाले 75 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात पर अधिक टैरिफ लगा सकता है। बहुत संभव है कि मोदी के मेक इन इंडिया अभियान तथा ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट नजरिये के साथ टकराव पैदा हो। अपने पहले कार्यकाल में एच-1बी वीजा में कटौती के प्रयास करने वाले ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में रोजगार आधारित आव्रजन पर प्रतिकूल असर हो सकता है। कूटनीतिक मोर्चे पर नई दिल्ली को उम्मीद होगी कि ट्रंप के साथ मोदी के बेहतर तालमेल के चलते गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में मतभेद सुलझाने में मदद मिले। वैसे भी ट्रंप अमेरिकी न्याय विभाग और एफबीआई पर अविश्वास जताते हुए उन पर पक्षपाती होने के आरोप लगाते रहे हैं। उनका यह दृष्टिकोण इस जटिल मामले में भारत को राहत दे सकता है। वैसे ट्रंप से कुछ भी अप्रत्याशित करने की उम्मीद बनाये रखनी चाहिए। उम्मीद की जा रही है कि सामरिक मुद्दों , हथियारों के निर्यात, संयुक्त सैन्य अभ्यास व तकनीकी हस्तांतरण के मुद्दे पर ट्रंप प्रशासन के साथ भारत का बेहतर तालमेल संभव है। पिछली पारी में राष्ट्रपति रहते हुए ट्रंप सरकार ने भारत के साथ बड़े रक्षा समझौते भी किए थे। जो फिर होने पर पाक व चीन के मुकाबले भारत को मजबूती दे सकते हैं। फिर भी कयास लगाए जा रहे हैं कि ट्रंप की सत्ता में वापसी भारत के लिये लाभदायक साबित हो सकती है।

# हैहयवंश कुलश्रेष्ठ राजराजेश्वर कार्तवीर्य सहस्रार्जुन




अशोक 'प्रवृद्ध

पौराणिक कथानुसार प्राचीन काल में एक चंद्रवंशी राजा ययाति की दो रानियां थी- प्रथम भार्गव ऋषि शुक्र उषमा की पुत्री देवयानी और द्वितीय दैत्यराज वृषपर्वा की पुत्री शर्मिष्ठा। देवयानी से यदु और तुर्वस राजवंश तथा शर्मिष्ठा से दुह, अनु और पुरू नाम के पांच पुत्र हुए। ययाति ने अपने राज्य को पांच पुत्रों में बांट दिया। इस प्रकार ययाति से पांच राजवंशों का उदय हुआ। यदु से यादव राजवंश, तुर्वसु से तुर्वस राजवंश, दुह से दुह, अनु से आनव और पुरू से पौरव राजवंश का विस्तार हुआ। ययाति ने अपने ज्येष्ठ पुत्र यदु को चंबल-वेतवा और केन नदियों का मध्यवर्ती राज्य दिया। महाराज यदु के पांच पुत्र हुए, जिनमें सहस्त्रजित, क्रोंत प्रमुख थे। यदु वंश के समकालीन तुर्वस राजवंश के अंतर्गत राजा तुर्वस के तीन पुत्र हुए, जिसमें हैहय, हय और वेनुहय हुए, जिसमें हैहय के नाम से ही हैहयवंश का विस्तार हुआ। हैहयवंश की शाखा विस्तार में राजा साहज्ज के वंश के विस्तार में, राजा कनक के चार सुविख्यात पुत्र कृतवीर्य, कृतौजा, कृतवर्मा और कृताग्नि हुए, जो समस्त विश्व में विख्यात थे। राजा कनक के ज्येष्ठ पुत्र कृतवीर्य उनके पश्चात राज्य के उत्तराधिकारी बने। वे पुण्यवान प्रतापी राजा थे और अपने समकालीन राजाओं में वे सर्वश्रेष्ठ राजा माने जाते थे। इनकी रानी का नाम कौशिका था। कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को श्रवण नक्षत्र में प्रात: काल के मुहूर्त में महाराज कृतवीर्य से कार्तवीर्य अर्जुन उत्पन्न हुए। इनका जन्म का नाम एक वीर था। कृतवीर्य के पुत्र होने के के कारण इन्हें कार्तवीर्य व अर्जुन तथा भगवान दत्तात्रेय की तपस्या से प्राप्त सहस्त्र बाहु अर्थात सहस्त्र भुजाओं के बल होने के कारण सहस्त्रबाहु अथवा सहस्रार्जुन के नाम से भी ये जाने जाते हैं। उन्होंने सभी सिद्धियाँ प्राप्त की थीं। सहस्रार्जुन को विष्णु का चौबीसवां अवतार मानकर उपास्य देवता के रूप में उनकी पूजा-अर्चना उनके अनुयायी सहस्रार्जुन के नाम से करते हैं। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को इनका जन्म होने की मान्यता होने के कारण इस दिन सहस्रार्जुन जयंती मनाई जाती है। कार्तिक शुक्ल सप्तमी को हैहयवंशी दीप-ोत्सव की भांति महाराज कार्तवीर्य अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाते हैं और कार्तवीर्य की गरिमामयी इतिहास और उनके गुण व महिमा का गान करते हैं।

सहस्रार्जुन से संबंधित कथाएं महाभारत एवं हरिवंश पुराण अध्याय 38, वायु पुराण अध्याय 2 व 32 तथा मत्स्य पुराण अध्याय 42, कालिका पुराण, पद्म पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों में अंकित हैं। इनके नाम से स्वयं भी एक पुराण - सहस्रार्जुन पुराण प्रचलित है, जिसके तीन भाग हैं। इन ग्रंथों में हैहयवंश, हैहय राजा कार्तवीर्य, सहस्रार्जुन अथवा सहस्त्रबाहु और महिष्मति प्रदेश के संबंध में विस्तृत वर्णन अंकित है। इन पौराणिक ग्रंथों में कंकोतक नाम वंशजों के साथ हैहय राजा कार्तवीर्य, सहस्रार्जुन अथवा सहस्त्रबाहु के द्वारा युद्ध में जीत कर अपनी आधिपत्य में स्थापित करने का उल्लेख मिलता है। पौराणिक ग्रंथों में कार्तवीर्य अर्जुन के सहस्रार्जुन, कृतवीर्यनन्दन, राजेश्वर, हैहयाधिपति, दशग्रीविजयी, सुदशेन, चक्रावतार, सप्तद्रीपाधि आदि अनेक नाम अंकित हैं। पौराणिक ग्रंथों में द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के समय यदुवंश के समकालीन शाखा ययाति वंश (चंद्रवंशी) में हैहय वंश का प्रादुर्भाव देखने को मिलता है। मत्स्य पुराण अध्याय 42 के अनुसार पचीसवें कृत युग के आरम्भ में हैहय कुल में एक प्रतापी राजा कार्तवीर्य राजा होगा, जो सातों द्वीपों और समस्त भूमंडल का परिपालन करेगा। महिष्मति महाकाव्य के अनुसार यह चंद्रवंश के महाराजा कृतवीर्य के पुत्र कार्तवीर्य अर्जुन- हैहयवंश शाखा के 36 राजकुलों में से एक कुल से संबद्ध माने जाते हैं। उक्त सभी राजकुलों में हैहयवंश, कुल के राजवंश के कुलश्रेष्ठ राजा सहस्त्रवाहु अर्जुन समस्त समकालीन वंशों में सर्वश्रेष्ठ, शौर्यवान, परिश्रमी, निर्भीक और प्रजा के पालक के रूप की जाती है। इस कुल वंश ने सबसे ज्यादा 12000 से अधिक वर्षो तक सफलता पूर्वक शासन किया था। महिष्मति महाकाव्य के अनुसार सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्म महाराज हैहय के दसवीं पीढ़ी में माता पद्मिनी के गर्भ से हुआ था। महाराज कार्तवीर्यार्जुन के राज्याभिषेक में स्वयं दत्तात्रेय एवं ब्रह्मा पधारे थे। राजसिंहासन पर बैठते ही उन्होंने घोषणा कर दी कि मेरे अतिरिक्त कोई भी अस्त्र-शस्त्र धारण नहीं करेगा। वे अकेले ही सब प्रकार से अपनी प्रजा का पालन और रक्षा करते थे। युद्ध दान धर्म दया एवं वीरता में उनके समान कोई नहीं था। सहस्त्रबाहु अपने युग के एकमात्र राष्ट्रपुरुष एवं युगपुरुष ही नहीं, बल्कि धर्मनिष्ठ एवं शौर्यवान पुरुष थे। उन्होंने साक्षात भगवान के अवतार दत्त-त्रेय को अपना गुरु माना और उन्हीं से अपनी सम्पूर्ण शिक्षा- दीक्षा व धनुर्विद्या प्राप्त की थी। और अपने तप और उपासना द्वारा प्रार्थना कर उनसे अपराजय होने और सहस्त्रभुजाओं के बल होने का वरदान प्राप्त किया था, जिसके कारण ही वह सहस्त्रबाहु अर्जुन कहलाते हैं। उन्होंने सम्पूर्ण पृथ्वी पर अपना आधिपत्य स्थापित किया था। वे परम भक्त और भृगुवंशी ब्राह्मण के यजमान थे। उनके समान दानवीर कोई और दूसरा शासक नहीं था। उन्होंने बहुत सारे यज्ञ और हवन का आयोजन कर प्रचुर मात्रा में ब्राह्मणों को धन दान किया करते थे। प्रजा को हमेशा सुखी रखते थे।

पौराणिक ग्रंथों में यदुवंश के समकालीन ययाति शाखा हैहयवंश का महिष्मति पर राज्य और अधिकार करने का वर्णन है। महिष्मति को ही हैहय वंश के राजाओं की राजधानी भी बताया गया है। महाभारत में भी महेश्वरपुर और महिष्मति नगर अथवा स्थान का उल्लेख मिलता है। पद्म पुराण के अनुसार महिष्मति में ही त्रिपुरसुर का वध हुआ था। पुराणों में त्रिपुरी के मुख्य शासक तथा तर्कापुर के नाम भी मिलते हैं। मार्कण्डेय पुराण में कार्तवीर्य को एक हजार वर्ष और हरिवंश पुराण में बारह हजार वर्ष दत्तात्रेय की उपासना करना बतलाया है। राजराजेश्वर भगवान कार्तवीर्य सहस्रार्जुन बहुत लोक प्रिय सम्राट थे। विश्व भर के राजा महाराजा मांडलिक, मंडलेश्वर आदि सभी अनुचर की भांति सम्राट सहस्रार्जुन के दरबार में उपस्थित रहते थे। उनकी अपार लोकप्रियता के कारण प्रजा उनको देवतुल्य मानती थी। उनके जन्म कथा के महात्म्य के संबंध में मत्स्य पुराण के 43 वें अध्याय के 52वें श्लोक में कहा गया है-

जो प्राणी सुबह-सुबह उठ कर श्री कार्तवीर्य सहस्त्रबाहु अर्जुन का स्मरण करता है उसके धन का कभी नाश नहीं होता है और यदि कभी नष्ट हो भी जाय तो पुन: प्राप्त हो जाता है। हरिवंश पुराण के अनुसार जो मनुष्य सहस्रार्जुन के जन्म आदि का पाठ नित्यश: कहते और सुनते हैं उनका धन कभी नष्ट नहीं होता है तथा नष्ट हुआ धन पुन: वापस आ जाता है। इसी प्रकार जो लोग श्री सहस्रार्जुन भगवान के जन्म वृतांत की कथा की महिमा का वर्णन कहते और सुनाते हैं उनकी जीवन और आत्मा यथार्थ रूप से पवित्र हो जाती है वह स्वर्गलोक में प्रशंसित होता है।



# ट्रम्प की जीत के भारत के लिए मायने



डॉ. सत्यवान सौरभ

ट्रम्प की जीत भारत के लिए व्यावसायिक रूप से चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। ट्रम्प की उल्लेखनीय वापसी के वास्तविक महत्त्व को समझने के लिए, हमें भावनाओं से आगे बढ़कर निहितार्थों की ओर बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय सम्बंधों में सिर्फ़ इतना ही काफ़ी नहीं होता। निजी रिश्तों के साथ ही साथ दोनों देशों के आपसी हितों का तालमेल या टकराव नीतियों की दिशा तय करता है। इस लिहाज से ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए कैसा रहेगा, यह तो उनके जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद ही पता चलेगा। ट्रम्प को अब चीन या बहुपक्षवाद की तुलना में उनके उद्देश्यों के लिए अधिक गंभीर बाधा के रूप में फिर से स्थापित किया गया है। डीप स्टेट के लिए बदतर यह है कि इस बात की पूरी संभावना है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे दोनों युद्ध या तो संप्रभु बहुपक्षीय समन्वय द्वारा समाप्त कर दिए जाएंगे, या, उन्हें सामान्य रूप से व्यवसाय की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कालीन के नीचे दबा दिया जाएगा।

राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डेमोक्रेट तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेट के बीच कहर बरपाया है और लिज़ चेनी जैसे सच्चे रिपब्लिकन राजघराने ने डेमोक्रेट के लिए खुलकर प्रचार किया है। पहली नज़र में यह भ्रामक लग सकता है, यहाँ तक कि अजीब भी, लेकिन ऐसा तब होता है जब राजनीतिक विचारधारा उतनी ही तेज़ी से खरगोश के बिल में चली जाती है जितनी कि अमेरिका में। अगर पार्टियों को अब यह नहीं पता कि वे किस लिए खड़े हैं, तो कल्पना करें कि आम राजनेता, पार्टियों के कार्यकर्ता और मतदाता कितने भ्रमित होंगे? अमेरिका एक तरह से भारत की तरह है, जो इस सदी की शुरुआत में नई दिशा की तलाश में था; चीजों को हिलाने और एक नया रास्ता बनाने के लिए दो आम चुनाव, एक नीरस दशक और नरेंद्र मोदी के उग्र आगमन की ज़रूरत पड़ी। व्यवसायी ट्रम्प के लिए, खातों को संतुलित करना और व्यापार घाटे को कम करना एक स्वाभाविक कार्य है, जिसे वे 2016 से 2020 तक की तरह ही लगन से अपनाएंगे।

ट्रम्प के पहले कार्यकाल की रणनीति से प्रेरणा लेते हुए, हम अमेरिका से चीन, भारत और यूरोप जैसे दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा बाजारों में तेल और गैस के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। महामारी तक उन्होंने यही सफलतापूर्वक किया और विडंबना यह है कि जो बिडेन ने भी इसे दोहराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। पहले क्रम के प्रभाव अमेरिका के लिए अच्छे हैं क्योंकि अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में बढ़ी हुई गतिविधि का मतलब है अधिक नौकरियाँ, आर्थिक विकास, कम व्यापार घाटा और कम मुद्रास्फीति। तेल, विशेष रूप से 'शेल' तेल ने किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में अधिक योगदान दिया और ऐसा फिर से हो सकता है।

दूसरा पहलू यह है कि ट्रम्प के भीतर की ओर देखने से भारत में कुछ नौकरियाँ ख़त्म हो सकती हैं और हम कुछ वीजा युद्ध देख सकते हैं। चीन और भारत को अमेरिकी कच्चे तेल की खरीद करने के लिए राजी करना कूटनीतिक मोर्चे पर एक ईमानदार समझौता है, जिसका सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए व्यापक रूप से मतलब होगा कि भारत और चीन को घरेलू मामलों में बहुत अधिक अमेरिकी हस्तक्षेप के बिना अपनी बढ़ती वैश्विक स्थिति को मज़बूत करने के लिए अकेला छोड़ दिया जाएगा। निश्चित रूप से, कुछ शोर-शराबा होगा।

इसकी प्रतिक्रिया में, यह संभव है कि सऊदी अरब जैसे बड़े तेल और गैस निर्यातक बाज़ार हिस्सेदारी को बनाए रखने के लिए एकतरफा कीमतों में कटौती कर सकते हैं, जबकि अमेरिका कतर को निचोड़ने और ईरान को खेल से बाहर रखने के लिए अपने सभी शेष प्रभाव का उपयोग करता है। इस खेल की प्रगति का एक संकेतक यह है कि यह देखने के लिए प्रतीक्षा करें और देखें कि क्या भारत ईरान से कच्चे तेल की खरीद फिर से शुरू करता है या नहीं। यदि ऐसा होता है, तो वैश्विक गतिशीलता कैसे बदलेगी, इस पर सभी दांव बंद हो जाएंगे, क्योंकि इसका मतलब होगा कि अमेरिका ने बहुध्रुवीयता को नई वैश्विक वास्तविकता के रूप में स्वीकार कर लिया है।

यूक्रेन और गाजा में चल रहे दो युद्धों पर अमेरिका की स्थिति में किसी तरह की वापसी होगी। दोनों युद्ध या तो बहुपक्षीय संप्रभुता के आदेश से समाप्त हो जाएंगे, या फिर सामान्य स्थिति में वापसी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बेरहमी से दबा दिया जाएगा। अमेरिका और बाक़ी दुनिया के लिए जल्द से जल्द यह सामान्य हो जाना चाहिए, क्योंकि, हम भूल न जाएँ, महामारी के बाद एक रिकवरी वर्ष प्राप्त करने के बजाय, हमें दो बदसूरत छद्म युद्ध, बढ़ती मुद्रास्फीति और दुर्बल करने वाले व्यापार व्यवधान मिले, कुछ ऐसा जिससे भारत केवल इसलिए बच गया क्योंकि हमने रूस पर पश्चिम के प्रतिबंधों को चतुराई से दरकिनार कर दिया।

अब आगे अमेरिकी चुनावी सुधारों पर अब गंभीरता से बहस शुरू होगी। व्यवस्था टूट चुकी है और इसे ठीक करने की ज़रूरत है। सुधार किस तरह की रूपरेखा अपनाएगा, यह केवल विस्तार का विषय है, लेकिन, सिद्धांत रूप में, इसकी आवश्यकता पर बातचीत शुरू होगी। यह एकमात्र तरीक़ा है जिससे अमेरिका सभ्यतागत पतन से बच सकता है जिसकी ओर वह वर्तमान में बढ़ रहा है और ट्रम्प यह जानते हैं। हालांकि, कड़े व्यापार रवैये के बावजूद ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप के कार्यकाल में भारत पर अमेरिकी व्यापार सरप्लस की जांच और संभावित प्रतिबंध लगाने का दबाव रहेगा। इसके बावजूद, अमेरिका की 'चाइना प्लस वन' रणनीति भारत के लिए अवसर ला सकती है।

'चाइना प्लस वन' एक व्यापार रणनीति है, जिसमें कंपनियाँ चीन पर निर्भरता घटाने के लिए अन्य देशों, जैसे भारत में अपने संचालन को बढ़ा रही हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन से आयातित सामान पर टैरिफ और मैन्युफैक्चरिंग को घरेलू स्तर पर लाने पर ज़ोर के चलते यह रणनीति तेजी से उभरी थी। इस बार भी ट्रंप की वापसी से यह रुख और मज़बूत हो सकता है, जिससे भारत जैसे देशों में निवेश और सप्लाई चेन विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। -कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 नवम्बर, शुक्रवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष सप्तमी, 23:53 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 11:52 तक, योग : शुला, 08:22 तक, सूर्योदय: 5:46, सूर्यास्त: 16:55 चन्द्रोदय : 11:37, चन्द्रास्त: 22:39, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 09:57 से 11:20

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को करियर के मामले में लाभ का दिन है। भाग्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आपको जीवन के हर क्षेत्र में कामयाबी मिलेगी। आपके लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग हैं। कोई व्यक्ति आपके समक्ष प्रस्ताव पेश करेगा तो आपको लाभ होगा। आलस्य का भी त्याग करें।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपका कोई बड़ी परियोजना आरंभ कर सकते हैं। आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। आप प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। भाग्य में वृद्धि के योग हैं और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों दिन शुभ है और आपको सहकर्मियों के सहयोग से कोई परियोजना पूरी करने में सफलता प्राप्त होगी। किसी के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको त्रिकोणीय व्यापारिक साझेदारी को पूरा करने में मदद मिलेगी और आपकी तरक्की होगी। निजी संबंधों के मामले में हर काम बहुत सोचकर करें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए दिन मिश्रित फलदायक है और आपको सफलता का लाभ होगा। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। आपको सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के पीछे अपना अधिक समय व्यर्थ न करें।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। आपके जीवन में कुछ कठिन दौर आ सकते हैं और आपको संयम से काम लेने की सलाह है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ का दिन है। अन्तर्मन की पुकार को सुनें। हर मामले में अतिवादी से बचें। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और आपको सुख समृद्धि प्राप्त होगी। जो उम्मीदें संजो रखी हैं, उनके पूरा न होने पर आप खिन्न रहेंगे।

# चुनावी राशिफल चालू आहे

व्यंग्य



रामविलास जांगिड़

**मेष:** तिकड़मबाजी से चुनाव में जीत हासिल करने की कोशिश करें। अपने काम पर ध्यान देने के बजाय चुनावी गुटबाजी कर षड्यंत्र रचाइए। जो भी फूटनीति आपने पहले अपनाई थी, वह आज लाभदायक होगी। **वृष:** जोखिम भरे चुनावी दांव से बचकर कुछ षड्यंत्र रचें। वही बेहतर है। झूठे वादे और जुमले रचने के निर्णय समय पर लें, ताकि जीत सुनिश्चित हो सके। खर्च के लिए किसी बड़ी कंपनी के मालिक को पकड़ लीजिए।

**मिथुन:** जेल में बैठे हुए किसी गुंडे से संपर्क बनाएं रखें। इससे चुनावी चंदे और अन्य लेन-देन में आ रही अड़चनें दूर होंगी। वोटरों के सामने नाक रगड़ने के फोटो खिंचवा लीजिए। इससे आपकी छवि समाज में और मजबूत होगी। प्रचार-प्रसार में आसानी होगी।

**कर्क:** चुनावी विवाद व विरोध को धर्म का अखाड़ा बना दीजिए। सरकारी संसाधनों का अपने हित के लिए सही से उपयोग करें। अपने निर्वाचन क्षेत्र की संपत्ति पर नजर रखें। कुर्सी की दिन में तीन बार पूजा करें। **सिंह:** अपनी पार्टी के परिवार में कुछ विरोध हो सकता है। चुनावी अभियान में सफलता के लिए महिला मित्रों का सुझाव लाभदायक होगा। सदा की तरह वोटरों को बेवकूफ बनाना अच्छा रहेगा। **कन्या:** आपके चुनावी काम में प्रगति होगी और परिवार में वोट झटकने जैसे विषयों पर चर्चा करें। गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव प्रचार में कांइयापन रखें। मध्याह्न तक समय आपके पक्ष में रहेगा। **तुला:** चुनाव में लाभ की संभावना बढ़ेगी, लेकिन सकारात्मक दृष्टिकोण न अपनाएं। नया गारंटी कार्ड फेंकिए। किसी पुराने चुनावी वादे को पूरा करने का नाटक करते रहिए। चापलूसी से किया गया प्रयास आत्मविश्वास को बढ़ाएगा।

**वृश्चिक:** झूठे वादों की अधिकता रहेगी, इससे लाभ मिलेगा और जेल से लौटे पुराने मित्रों का साथ मिलेगा। रोड शो में वोट झटकने के नाटक करते रहिए। **धनु:** पिछले चुनावी मुद्दे फिर उभर सकते हैं। निकटवर्ती लोगों के समर्थन हेतु उन्हें बेवकूफ बनाना पड़ेगा। चुनावी संघर्ष में अकेलापन महसूस हो सकता है, लेकिन विशेष चमचागिरी से सफलता मिलेगी।

**मकर:** रैली में दिए गए भाषण की सफलता से दिन की शुरुआत होगी, जिससे उत्साह बढ़ेगा। अपने चमचों को तैयार कीजिए कि वे आपको तराजू के एक पलड़े में बैठा कर सिक्कों से तोलें। इससे आर्थिक लाभ अवश्य होगा।

**कुंभ:** विरोधी गुट सक्रिय हो सकते हैं। उनको ठिकाने लगाने के लिए जिन लकड़ियों को आपने तेल पिलाया है, उनका उपयोग कीजिए। चुनावी अभियान में कुछ अड़चनें आएंगी और वोटरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। डरें नहीं। **मीन:** चुनावी रेवड़िया बांटने में आज का दिन महत्वपूर्ण है, सच बोलने में समय न गवाएं। चमचे व दलाल लोगों की सलाह मानें। चुनावी अधिकारियों से संपर्क में सावधानी रखें। वे आपकी किसी भी बात को रिकॉर्ड कर सकते हैं। इससे मान-सम्मान पर असर पड़ सकता है, पर वोट का जरूर ध्यान रखें।

## वर्ग पहेली नं. 2910

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | ■ | 27 | | 28 | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 29 | | | ■ | 30 | | | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 2) स्वामिभक्त; आज्ञाकारी; नौकर, 4) दया; सहानुभूति, 7) बाढ़ग्रस्त 9) कस्टम चोर; *स्मगलर*, 10) छेना, 11) लता; बिल्व; ज़मानत, 12) विष्ठा, 13) श्रृंगार, 15) अवैध, 17) दायित्व; बोझ, 18) पंख, 19) दुर्गंधपूर्ण, 20) चिंता; वैमनस्य, 22) उदर, 24) संपूर्ण, 27) पागलपन, 29) सस्ता; अल्पभार, 30) किसी तरह से.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) बकवासपूर्ण; अंडबंड, 2) अनुर्वर; ऊसर, 3) दलहन, 4) निर्धारित, 5) एक नदी, 6) खाने-पीने का संयम, 8) उपहास; खिल्ली, 11) नथ, 12) विवश होकर, 14) सत्याग्रह; घेराव; *पिकेटिंग*; पकड़ना, 16) अवैध *(संतान)*, 17) एक देश, 20) अंधकार, 21) निष्ठा, 23) इठलाहट; नाज़नखरा; धचका, 25) ज्ञात, 26) कंधा - कुहनी - हाथ; आस्तीन, 28) अगला दिन.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ल | ट | ना | ■ | मी | मां | सा | ■ | क |
| ठा | ■ | प | च | प | न | ■ | रा | क्ष | स |
| प | र्य | क | ■ | सा | के | त | ■ | त | म |
| ट | ■ | ना | ज़ | ■ | त | ल | वा | ■ | सा |
| क | च | ■ | ह | न | न | ■ | म | ही | ना |
| ■ | ट | क्क | र | ■ | ■ | म | न | न | ■ |
| खो | खा | ■ | ■ | क़ | या | स | ■ | ■ | अ |
| प | रा | व | लं | बी | ■ | ह | ड़ | ता | ल |
| ड़ी | ■ | र्ग | ■ | ला | चा | री | ■ | ■ | ग |

## सुडोकू-पहेली-2870

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 4 | | 1 |
| 8 | | | 2 | | | | | |
| | | | 6 | | 7 | | | |
| | | | 8 | | | | 6 | |
| | 4 | | | | | 3 | | |
| | 1 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| | 5 | | | 1 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2869 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 7 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 |
| 2 | 4 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 7 |

# कोलकाता समेत राज्य भर में छठ पूजा धूमधाम से मनाया गया











फोटो : मृत्युंजय विश्वास

# छठ पूजा बंगाल में बिहार से कहीं अधिक की जाती है : ममता

## कहा... 'धर्म, जाति के आधार पर लोगों के विभाजन को रोकने के लिए जान देने को तैयार हूं'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह धर्म और जाति के आधार पर लोगों के विभाजन को रोकने के लिए अपनी जान तक कुर्बान करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लोग चाहे किसी भी धर्म, जाति और पंथ के हों, एकसाथ रहते हैं तथा कोई भी व्यक्ति दूसरों से श्रेष्ठ नहीं है। ममता ने छठ पूजा के अवसर पर कोलकाता में कहा कि ऐसे लोग हैं जो लोगों के बीच विभाजन पैदा करना चाहते हैं। लेकिन मैं वह नहीं चाहती। मैं अपनी जान तक देने को तैयार हूं लेकिन कोई विभाजन नहीं होने दूंगी। हर धर्म की अपनी विशेषताएं हैं। मैंने किसी धर्म के खिलाफ कभी नहीं बोला। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि छठ पूजा पश्चिम बंगाल में बिहार से कहीं अधिक की जाती है जहां यह एक लोकप्रिय पर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत है जहां सभी धर्मों, जातियों और पंथ के लोग साथ रहते हैं। कोई भी श्रेष्ठ या निम्न नहीं है -- भले ही वह ब्राह्मण, एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) या किसी अन्य धार्मिक समूह का क्यों न हो। हम इस एकता को खत्म नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल में, यह परंपरा आजादी के समय से है। देश के स्वाधीनता संघर्ष में सर्वाधिक योगदान देने के मामले में पंजाब के बाद बंगाल का ही स्थान है।



# हसनाबाद में खाली घर में छात्रा से दुष्कर्म, गिरफ्तार वृद्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में फिर एक नाबालिग हवस का शिकार हुई है। एक बुजुर्ग पर घर खाली होने का फायदा उठाकर बारहवीं क्लास की लड़की से रेप करने का आरोप है।यह घटना उत्तर 24 परगना के बशीरहाट के हसनाबाद की है। घटना को लेकर काफी उत्तेजना फैल गई है। बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित, उसके परिवार और पड़ोसियों सभी ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। ज्ञात हो कि नाबालिग उत्तर 24 परगना के हसनाबाद की रहने वाली है। वह बारहवीं कक्षा की छात्रा है। बुधवार की सुबह उसके माता-पिता किसी काम से कोलकाता गए हुए थे। नाबालिग घर पर अकेली थी। तभी इलाके का एक बुजुर्ग उसके घर गया। परिचित होने के कारण उसे आसानी से घर में प्रवेश मिल गया। यहीं समस्या की शुरुआत हुई। आरोप है कि घर खाली होने का फायदा उठाकर बुजुर्ग ने नाबालिग से रेप किया। जब माता-पिता घर लौटे तो नाबालिग फूट-फूटकर रोने लगी। घर पर पूरी बात बताई। छात्रा के परिजनों ने हासनाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई ।पुलिस ने गुरुवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस दिन आरोपी को बशीरहाट सब-डिविजनल कोर्ट ले जाया गया। उसे 14 दिन की पुलिस हिरासत दी गई।



# झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की रहस्यमय मौत

## फ्लैट से मिले दो सिरिंज और एक सुसाइड नोट



**झाड़ग्राम :** झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कार्यरत एक डॉक्टर का शव गुरुवार को किराये के एक फ्लैट से बरामद किया गया। चिकित्सक यहां अपने सहकर्मियों के साथ रहता था। इस दौरान फ्लैट के अंदर से दो सिरिंज और एक नोट भी बरामद किया गया, जो कथित तौर पर डॉक्टर ने लिखा। चिकित्सक की पहचान दीप्रो भट्टाचार्य के रूप में हुई है। वह 2023 से अस्पताल के एनेस्थीसिया विभाग में सीनियर रेजिडेंट के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक कोलकाता के दक्षिण-पश्चिमी बाहरी इलाके का रहने वाला था। वह छुट्टी के बाद अस्पताल में काम पर लौटने के लिए गुरुवार की सुबह ही झाड़ग्राम पहुंचा था। झाड़ग्राम जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि डॉक्टर का शव उस फ्लैट के बिस्तर पर मिला, जहां वह दूसरे डॉक्टर के साथ रह रह रहा था। दोपहर में हमें उसके साथियों का फोन आया। उन्होंने चिकित्सक को बिस्तर पर लेटे हुए पाया और उसकी नब्ज भी नहीं चल रही थी। मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने बताया कि दीप्रो भट्टाचार्य के मोबाइल फोन से दो व्हाट्सएप संदेश भेजे गए। एक उनकी पत्नी को, जो कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में नर्स है। दूसरा संदेश डॉक्टरों के चैट ग्रुप में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मोबाइल फोन को भी फोरेंसिक जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

**CHANGE OF NAME**

I, Brajendra Kumar Ojha No. JC386951X, Rank-Sub, presently residing at Fort William, Quarter No. 35/5, Strand Line, C/O 99 APO, Kolkata- 700021, do hereby declare that I have changed my daughter's name from Pratiksha to Pratiksha Kumari Vide affidavit Before the (Notary Public at Alipore, Judges' Court Kolkata-700027) dated-05.11.2024.

# वक्फ संबंधी समिति की आगामी बैठकों का बहिष्कार करेंगे विपक्षी सदस्य : कल्याण बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपी-सी) के सदस्य और तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि समिति के विपक्षी सदस्य नौ नवंबर से शुरू होने वाली समिति की अगले दौर की बैठकों का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने समिति के अध्यक्ष और भाजपा के सांसद जगदम्बिका पाल पर मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया। तृणमूल सांसद ने कहा कि जेपीसी के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने छह दिनों में गुवाहाटी, भुवनेश्वर, कोलकाता, पटना और लखनऊ में बैठकों का एक व्यस्त कार्यक्रम तय किया है तथा बीच में रविवार की छुट्टी है। कल्याण बनर्जी ने कोलकाता में प्रेस क्लब में पार्टी सांसद नदीमुल हक के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति के सभी विपक्षी सदस्यों ने इन दौरे और बैठकों का बहिष्कार करने का फैसला किया है क्योंकि अध्यक्ष मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। उनका कहना था कि आगे की रणनीति विपक्ष के सदस्य मिलकर तय करेंगे। कल्याण बनर्जी ने कहा कि संसदीय समिति में शामिल विपक्षी सदस्यों ने पांच नवंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की थी और समिति के कार्यक्रम को स्थगित करने और जेपीसी की बैठकों के दिनों की संख्या को सप्ताह में दो दिन से घटाकर सप्ताह में एक दिन या एक पखवाड़े में लगातार दो दिन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने मौखिक रूप से उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और समिति के अध्यक्ष से बात करने पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन उसके बाद कुछ नहीं हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि समिति के अध्यक्ष जिस प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ रहे थे वह स्थापित संसदीय मानदंडों का उल्लंघन है। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ दल के सदस्य देश हित में नहीं, बल्कि अपने एजेंडे के अनुसार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों को अपने क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण काम होते हैं तथा जेपीसी की सप्ताह में दो दिन होने वाली बैठकों का उनके व्यस्त कार्यक्रम पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्ति हितधारकों को पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है, जबकि वक्फ संशोधन विधेयक से कोई सरोकार नहीं रखने वाले संगठनों को बैठकों में बुलाया जा रहा है।

# ट्रंप का निर्वाचन इस बात को साबित करता है कि राजनीति में उम्र कोई मायने नहीं रखती : कल्याण बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने से यह साबित हो गया है कि यदि किसी को लोकप्रिय समर्थन प्राप्त है तो उम्र कोई मायने नहीं रखती है। कल्याण बनर्जी का यह बयान नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति की आयु तय करने की मांग को लेकर उनकी पार्टी में जारी बहस के बीच आया है। सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि राजनीति में उम्र कोई मायने नहीं रखती, यदि कोई देश की जनता के लिए काम करने में सक्षम है, सभी कार्यों को करने में सक्षम है, यदि वह लोगों के बीच लोकप्रिय है तो वह राजनीति में बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने 78 वर्ष की आयु में चुनाव जीता। सांसद ने कुणाल घोष के उस बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि ममता बनर्जी के बाद अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि जब पार्टी मुझसे जाने को कहेगी तो मैं बिना किसी विवाद में पड़े चला जाऊंगा।

**❑ 'ममता प्रभावशाली नेता हैं'**

कल्याण बनर्जी ने कहा कि ममता राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली नेता हैं। उन्होंने न केवल राजनीति में बल्कि कला, संगीत, कविता, और साहित्य में भी अपनी पहचान बनाई है। दीदी (ममता) ने गाना लिखा है और बहुत सी कविताएं भी लिखी हैं, जिनमें कला और संस्कृति के प्रति उनका गहरा प्रेम दिखाई देता है। बहुत लोगों ने वर्षों से दीदी का साथ दिया है, और उनके लिए वह एक प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा कि दीदी का व्यक्तित्व बहुत ही सरल है। उन्होंने हमेशा गरीब और आम आदमी के लिए काम किया है, इसलिए हम उन्हें अपनी दीदी के रूप में देखते हैं। उनका कनेक्शन जनता से बहुत मजबूत है। इसके कारण ही वे इतने साल से सत्ता में हैं। उन्होंने कहा कि हम एयर कंडीशन लीडर नहीं हैं, हम जमीन से जुड़े हुए लोग हैं। कल्याण ने ममता के संदर्भ में कहा कि उन्होंने कभी खुद को किसी ऊंचे और अलग दर्जे पर नहीं रखा। उनका उद्देश्य हमेशा लोगों की मदद करना और उनके लिए काम करना रहा है। वे अपनी राजनीति को किसी हाई-फाई लाइफस्टाइल से नहीं जोड़तीं, बल्कि लोगों के बीच रहकर उनके दुख-दर्द को समझती हैं।

# महिला आयोग ने फिरहाद हकीम के खिलाफ दिया जांच का निर्देश

## ✒ भाजपा नेता रेखा पात्रा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने मंत्री फिरहाद हकीम की एक कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में गुरुवार को राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया कि प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज हो और समयबद्ध जांच की जाए। बता दें कि गत बुधवार को फिरहाद हकीम ने हरोआ में उपचुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा नेता रेखा पात्रा की हार का उल्लेख करते हुए उनके विरूद्ध कथित अपमानजनक टिप्पणी की। गुरुवार को महिला आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसने फिरहाद हकीम द्वारा भाजपा नेता के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी का स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग का कहना है कि आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों को लागू करने और निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया है। एक विस्तृत रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर आयोग को सौंपी जाए।

## महिला आयोग ने अपनी सदस्य्य के साथ कोलकाता पुलिस के दुर्व्यवहार के खिलाफ जांच की मांग की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपनी एक सदस्य्य अर्चना मजूमदार से जुड़ी घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आरोप है कि कोलकाता पुलिस के कर्मियों ने अर्चना मजूमदार को कथित तौर धमकाया और घायल कर दिया। गत एक नवंबर को हुई इस घटना के चलते आयोग ने कोलकाता पुलिस और गृह मंत्रालय को एक आधिकारिक पत्र भेजा है जिसमें तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया गया है। आयोग ने अर्चना मजूमदार के साथ हुए व्यवहार पर चिंता व्यक्त की और जवाबदेही सुनिश्चित करने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच की मांग की। महिला आयोग के अनुसार, मजूमदार उस वक्त आधिकारिक ड्यूटी पर कोलकाता में थीं, जब उन्हें कथित तौर पर शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

# उपचुनाव : सात उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज, सात करोड़पति

## छह विधानसभा सीटों पर 42 उम्मीदवार मैंदान में



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में हो रहे उपचुनाव में दागी और करोड़पति उम्मीदवार भी ताल ठोक रहे हैं। राज्य की छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में सात उम्मीदवार दागी हैं तो सात ही प्रत्याशी करोड़पति हैं। पश्चिम बंगाल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक, भाजपा ने सबसे ज्यादा चार दागियों को टिकट दिया है। जबकि, कांग्रेस ने एक और तृणमूल कांग्रेस से दो दागी उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, यहां उपचुनाव में करोड़पति प्रत्याशी भी खूब हैं। इसमें कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने दो, सीपीआई और टीएमसी ने एक-एक करोड़पति उम्मीदवार को चुनाव में उतारा है। बता दें कि छह विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। इसमें तालडंगरा, सिताई, नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर और मदरीहाट सीट शामिल हैं। एडीआर के मुताबिक, इन सीटों पर 42 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें से 41 उम्मीदवारों का डाटा एडीआर को मिला है। जबकि, मदारीहाट सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पंकज लोहरा का विवरण चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जारी नहीं किया गया है। चुनाव आयोग की वेबसाइट से मिले डाटा के तहत भाजपा ने उपचुनाव में चार दागी प्रत्याशियों को टिकट दिया है। जबकि तृणमूल कांग्रेस ने दो और कांग्रेस ने एक प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है। उपचुनाव में राजनीतिक दलों ने करोड़पति प्रत्याशियों पर भी दांव लगाया है। टीएमसी के नैहाटी सीट से प्रत्याशी सनत दे सबसे ज्यादा अमीर हैं। उनके पास 4.90 करोड़ की संपत्ति है। इसमें अचल संपत्ति 1.80 करोड़ है। वहीं, भाजपा की तालडांगरा सीट से प्रत्याशी अनन्या रॉय चक्रबर्ती पर कुल संपत्ति 2.98 करोड़, टीएमसी के मेदिनीपुर सीट से प्रत्याशी श्यामल कुमार घोष पर 1.69 करोड़ रुपये की संपत्ति है। कामतापुर पीपुल्स पार्टी के सिताई सीट से उम्मीदवार काशीकांता बर्मन के पास सबसे कम पांच हजार रुपये की संपत्ति है।



# डॉक्टरों के स्वास्थ्य भवन पर बेसमय आवाजाही पर लगी रोक

## स्वास्थ्य भवन जाने के लिए लगेगा अस्पताल के विभागाध्यक्षों का प्रमाणपत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** कार्य अवधि के दौरान डॉक्टर स्वास्थ्य भवन में नहीं आ सकते। स्वास्थ्य भवन घूमने लायक जगह नहीं है। यदि स्वास्थ्य भवन जाना हुआ तो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य का पत्र लेकर स्वास्थ्य भवन जाना होगा, भले ही एमएसवीपी न हो। गुरुवार को स्वास्थ्य भवन के विशेष सचिव (स्वास्थ्य शिक्षा) के आदेश को लेकर विवाद शुरू हो गया. डॉक्टरों के एक बड़े वर्ग, विशेषकर जूनियर और सहायक प्रोफेसरों ने अपना गुस्सा व्यक्त किया। विशेष सचिव (स्वास्थ्य शिक्षा) डॉ. अनिरुद्ध नियोगी के मुताबिक इसे निर्देश नहीं कहा जा सकता। राज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और विभिन्न विभागों के हेड प्रोफेसरों को



व्हाट्सएप पर एक संदेश भेजा गया है। जहां कहा गया है कि जूनियर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टरों को स्वास्थ्य भवन में आने पर उक्त पक्ष द्वारा लिखित नोट लाना होगा जहां इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि वह कॉलेज के वरीय पदाधिकारी की अनुमति से स्वास्थ्य भवन गए थे। स्वास्थ्य विभाग के स्पष्टीकरण के अनुसार, यह देखा गया कि संबंधित डॉक्टर ने कॉलेज या अस्पताल छोड़ दिया था और उस समय इसकी तत्काल आवश्यकता थी। इसलिए यदि अधिकारियों को पहले से पता होगा तो उसके अनुसार डॉक्टर रखना संभव होगा। दूसरे, स्वास्थ्य केंद्र पर जाए बिना कामकाजी घंटों के दौरान फोन पर बात करना संभव है। हालांकि, उस संदेश को लेकर सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विवाद छिड़ गया।

### मरीज से सिर्फ एक बार ही लिया जा सकेगा रजिस्ट्रेशन शुल्क, निजी अस्पतालों को निर्देश

डॉक्टर की फीस सात सौ रुपए है। उस डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीज को कुल एक हज़ार रुपए देने पड़ते हैं। शेष तीन सौ रुपए अस्पताल पंजीकरण शुल्क है। अस्पताल में इस पंजीकरण शुल्क की वैधता छह महीने है। कहीं सात दिन के लिए है। यदि समय सीमा खत्म हो जाए तो मरीज के हर बार आने पर पंजीकरण शुल्क देना होगा। वह नियम बदलने वाला है। बुधवार को पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य नियामक आयोग ने जानकारी दी कि इस पंजीकरण शुल्क के लिए कोई अवधि नहीं रखी जा सकती है। इसे मरीज से केवल एक बार ही लिया जा सकता है। राज्य स्वास्थ्य नियामक आयोग के अध्यक्ष असीमकुमार बंद्योपाध्याय ने कहा कि पंजीकरण शुल्क वसूलने का अस्पताल का कारण सही नहीं है। इसके लिए कोई पैसा नहीं लिया जा सकता।अस्पताल जिस विशिष्ट अवधि की बात कर रहा है, वह भी अप्रासंगिक है। राज्य स्वास्थ्य नियामक आयोग के अनुसार सभी निजी अस्पतालों द्वारा पंजीकरण शुल्क लिया जाता है। इसे एक बार लिया जा सकता है क्योंकि हर निजी अस्पताल को मरीजों का डेटाबेस रखना होता है। जब कोई मरीज पहली बार किसी निजी अस्पताल में जाता है, तो उसके नाम पर एक अद्वितीय रोगी आईडी बनाई जाती है। इसके बाद जब भी मरीज संबंधित अस्पताल में आता है तो उस यूनिक आईडी के जरिए इलाज किया जाता है। आईडी टाइप करने पर पता चलता है कि मरीज पहले भी किसी बीमारी को लेकर इस अस्पताल में आया था। छह महीने के बाद इसे नहीं लिया जा सकता।

# टैब भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री नाराज, वंचितों को तुरंत पैसा देने का निर्देश

### ममता ने दिए जांच के निर्देश, मुख्य सचिव से तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** टैब का पैसा गायब होने से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज हैं। मुख्यमंत्री ने पूरी जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नवान्न के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लोग पैसे से वंचित रह गए हैं उन्हें तुरंत भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने टैब का पैसा तुरंत शीर्ष स्तर के अधिकारियों को देने का आदेश दिया है। अगर सरकार पैसे देती भी है तो कुछ छात्रों को टैब खरीदने के लिए पैसे नहीं मिल रहे हैं। इसे लेकर पहले भी शिकायतें की



गई थीं। इस बार इस घटना से नवान्न हिल गए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव ने रिपोर्ट मांगी है। मुख्य सचिव ने स्कूल शिक्षा सचिव से रिपोर्ट मांगी। छात्रों को टैब का पैसा क्यों नहीं मिला? अब तक क्या कदम उठाए गए हैं? मुख्य सचिव मनोज पंत ने ब्योरा मांगा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने मुख्य सचिव को रिपोर्ट भेजी। अब तक 84 छात्रों को यह समस्या हो चुकी है। जिन खातों में पैसा गया था, उन्हें फ्रीज कर दिया गया है। जांच के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जिन लोगों को अब तक पैसा नहीं मिला है, उनकी तलाश की जा रही है, वहीं एक प्रधान शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। स्कूल शिक्षा विभाग जांच कर रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने मुख्य सचिव को रिपोर्ट भेज दी है।

इस बार, प्रदेशभर के 18 लाख विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रत्येक जिले के स्कूल निरीक्षकों को निर्देश दिया है। इस साल राज्य ने 11वीं और 12वीं के करीब 18 लाख छात्रों को टैब मनी दी है। यह जानकारी उन 18 लाख छात्रों से लेने का आदेश दिया हा। स्कूल निरीक्षक उस रिपोर्ट के साथ स्कूल शिक्षा विभाग को रिपोर्ट भेजेंगे।

# 'उपाचार्य को कुछ नहीं पता, ऐसा नहीं हो सकता', हाईकोर्ट ने उठाया सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** एफिलेशन नहीं, छात्र नहीं दे सकेंगे । परीक्षा कॉलेज तो है, लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं। ऐसे आरोपों पर कलकत्ता हाई कोर्ट में केस दायर किया गया था। उस मामले में हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाया। यह बात कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने सुनवाई के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण शिक्षक भर्ती बंद हो गई। पुलिस में सिपाहियों की भर्ती भी बंद है। कॉलेज में भ्रष्टाचार के भी आरोप लग रहे हैं। इन सभी कारणों से बंगाल के बच्चे विदेश जाने को मजबूर हो रहे हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत लगभग 600 से 650 बीएड कॉलेज हैं। आरोप है कि अधिकांश कॉलेजों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा नहीं है। इस बात पर सवाल उठाए गए हैं कि कॉलेज में एनसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार कोई भी बुनियादी ढांचा नहीं होने के बावजूद कॉलेज कैसे चल रहा है। कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है जिसमें सवाल उठाया गया है कि वे महिला छात्रों को कैसे प्रवेश दे रहे हैं। आरोप है कि विश्वविद्यालय रिकार्ड में उन सभी कॉलेजों की संबद्धता या अनुमोदन का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इससे कॉलेज के छात्र बीएड की परीक्षा में नहीं बैठ पा रहे हैं। उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने कहा कि कुलपति को तुरंत उनके पद से हटाया जाना चाहिए। चीफ जस्टिस ने यूनिवर्सिटी के वकील कल्लोल बसु को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि वाइस चांसलर को कुछ पता न हो। मुख्य न्यायाधीश राज्य के वकील से जानना चाहते हैं कि राज्य ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं। राज्य के वकील ने कहा कि मामला दो पक्षों में दायर किया गया है। यदि एक पक्ष मांग के अनुरूप कार्रवाई नहीं करता है तो वे कहते हैं कि कुछ नहीं किया जा रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि उनकी बात ठीक से नहीं सुनी जा रही है।

# कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में बेड बिक्री के नहीं मिले सबूत, जांच कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल में दुखद घटना सामने आने के बाद से राज्य के सरकारी अस्पतालों से कई शिकायतें आ रही हैं। कभी वित्तीय भ्रष्टाचार, कभी दस्तानों पर खून, कभी जंग लगी कैंची। इस बीच, कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की ओर से क्रिटिकल केयर यूनिट से सामान्य बेड बेचने की शिकायत आई थी। उस शिकायत को देखते हुए अस्पताल की ओर से जांच कमेटी का गठन किया गया था। हालांकि, बताया गया है कि अस्पताल द्वारा गठित जांच समिति को बेड बेचने के आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला। अस्पताल की ओर से 11 सदस्यों की एक जांच कमेटी बनाई गई है जिनमें चार जूनियर डॉक्टर हैं। हालांकि जांच में कुछ भी सामने नहीं आया, लेकिन अस्पताल की जांच समिति ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाने की सिफारिश की है कि भविष्य में ऐसे कोई आरोप न लगें। हालांकि, रोगी कल्याण संघ के अध्यक्ष सुदीप्त रॉय और तृणमूल नेता कार्यकर्ता संघ के नेता जयंत घोष के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं, क्योंकि वे अस्पताल लैब-किट को निजी प्रयोगशालाओं में तस्करी करते थे। इस शिकायत के मद्देनजर एक अलग जांच कमेटी सोमवार को अस्पताल को जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

# नवान्न को लेकर भड़काऊ टिप्पणी, हाईकोर्ट ने युवती को दिया सुरक्षा कवच



**कोलकाता, समाज्ञा :** नवान्न को लेकर भड़काऊ बयान को लेकर युवती को हाईकोर्ट ने राहत दी। पुलिस ने अक्षिता रॉय नाम की एक युवती के खिलाफ उसकी भड़काऊ टिप्पणी 'बर्न नवान्न' को लेकर मामला दर्ज किया है। उस घटना में आरोपी रक्षक कवच की याचिका पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया है। अदालत ने उनकी याचिका मंजूर कर ली और कुर्की की सुरक्षा कर दी। जस्टिस तीर्थंकर घोष का आदेश जांच में कोई बाधा नहीं है। पुलिस पूछताछ कर सकती है। हालांकि, पूछताछ से पहले पुलिस को 48 घंटे का नोटिस देना होगा. कोर्ट ने इस मामले में राज्य से केस डायरी तलब की है। गौरतलब है कि फेसबुक पर नवान्न के बारे में कुछ टिप्पणी करने के आरोप में अक्षिता रॉय नाम की युवती के खिलाफ टांगरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। फिर कुर्की अदालत का दरवाजा खटखटाया। उस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

### बांग्लादेश में अशांति की घटना के विरोध में मार्च निकालने का अनुरोध, हाईकोर्ट में दायर याचिका

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का असर पश्चिम बंगाल पर भी पड़ा है। पड़ोसी देशों में उठाई गई शिकायतों के जवाब में 12 नवंबर को महानगर में एक मार्च बुलाया गया। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी इसलिए प्रदर्शनकारी मार्च की अनुमति मांगने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय गए। इस पदयात्रा का आह्वान गोवर्धन गिरी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया है। वह यह कार्यक्रम आरआर एवेन्यू से बांग्लादेश उच्चायोग तक करना चाहते हैं. लेकिन उन्होंने शिकायत की कि पुलिस अधिकारियों ने मार्च की अनुमति नहीं दी। ऐसे में इस संगठन ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने मुकदमा दायर करने की अनुमति दे दी। मामले की सुनवाई शुक्रवार को ही होने की संभावना है।

# कोलकाता में हथियारबंद लोगों ने ट्रक चालक को लूटा, वाहन लेकर हुए फरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में पांच हथियारबंद लोगों ने बंदूक दिखाकर एक ट्रक के चालक को लूटा और फिर उसका ट्रक लेकर भाग गए। जानकारी के अनुसार, यह घटना बुधवार की रात करीब 2 बजे मनिकतला इलाके के पास कांकुड़गाछी मुख्य मार्ग पर हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ट्रक चालक देवेंद्र चौबे ने दावा किया कि सामान उतारने के बाद वह मनिकतला मुख्य मार्ग से स्ट्रैंड रोड की ओर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक कार ने उसका रास्ता रोक लिया। चालक ने आरोप लगाया कि पांच लोग जबरन उसके ट्रक के 'केबिन' में घुसे और उसके साथ मारपीट कर उसे ट्रक से बाहर धकेल दिया। इसके बाद, उन्होंने उसका मोबाइल फोन, रुपये और ट्रक की चाबियां छीनीं लीं और ट्रक लेकर वहां से भाग गए। घटना के दौरान चालक उस निजी कार का पंजीकरण नंबर नोट नहीं कर सका जिसमें हथियारबंद लोग आए थे। पुलिस ने कहा कि हम इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रहे हैं ताकि कार का पंजीकरण नंबर पता चल सके और ट्रक को किस तरफ ले जाया गया यह भी पता लगे। ट्रक के विवरण के अनुसार, वर्तमान मालिक द्वारा इसे खरीदने से पहले यह अन्य कई लोगों के पास भी रहा है। हम जांच कर रहे हैं कि क्या कोई बकाया भुगतान तो नहीं है, जिसके कारण यह अपराध हुआ हो।

# सरकारी अस्पताल में चल रहा हैं खटाल का कारोबार, स्थानीय लोगों न जतायी आपत्ति

**हावड़ा, समाज्ञा :** जूनियर डॉक्टर अपनी 10 मांगों के साथ हड़ताल पर बैठे थे। इन मांगों में से एक अस्पताल के बुनियादी ढांचे में सुधार और चिकित्सा सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करना था। हड़ताल तो खत्म हो गई लेकिन इसके बावजूद कुछ खास बदलाव नहीं देखा जा रहा है। हावड़ा के डोमजूर ग्रामीण अस्पताल से ऐसी ही एक घटना सामने आयी है। कथित तौर पर अस्पताल के कुछ कमरों को खटाल बना दिया गया है। जहां से व्यवसाय भी चलाया जा रहा है। मरीजों द्वारा आरोप है कि अस्पताल में दिनभर गोबर की दुर्गंध आती रहती है। साथ ही, गायों का झुंड पूरे दिन अस्पताल परिसर में चरता रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के बाद भी स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। स्थानीय युवक शेख साहेब यहां खटाल का कारोबार चला रहे हैं। उसके पास चार से पांच गाय हैं। अस्पताल परिसर में गाय का दूध निकालने से लेकर सब कुछ किया जाता है। आरोप है कि सत्तधारी दल के कुछ नेताओं के सहयोग से युवक ने सरकारी अस्पताल परिसर के बंद पड़े मकान में खटाल व्यवसाय शुरू कर दिया। कथित तौर पर स्थानीय लोग पहले भी कई बार इस पर आपत्ति जता चुके हैं। उन्होंने अस्पताल में डेपुटेशन भी दी है। डोमजूर ग्रामीण अस्पताल के स्थानीय अधिकारियों ने स्थिति के लिए उच्च अधिकारियों को दोषी ठहराया है।

# सालतोड़ा में मोटरबाइक में हुए विस्फोट मामले में गिरफ्तार दो लोगों को एनआईए हिरासत




**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले के सालतोड़ा के लाउपहाड़ी इलाके में मोटरबाइक में हुए विस्फोट मामले में गिरफ्तार दो लोगों को पांच दिनों की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया गया है। उनके नाम धनंजय गड़ाई व करीमुल खान हैं। दोनों को एनआइए की विशेष अदालत में पेश किया गया था। मालूम हो कि गत 30 अगस्त को लाउपहाड़ी इलाके में एक मोटरबाइक में हुए विस्फोट में महादेव मंडल नामक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मंडल की मोटरबाइक में डेटोनेटर व जिलेटिन की छड़ पाई गई थीं। जिला पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए धनंजय व करीमुल को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 20 किलो विस्फोटक बरामद हुए थे। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने इसकी एनआईए जांच के आदेश दिए थे। एनआईए को अपनी जांच में पता चला है कि धनंजय और करीमुल ने जयदेव को विस्फोटकों की आपूर्ति की थी, जिसे वह अपनी मोटरबाइक से कहीं पहुंचाने ले जा रहा था। उसी समय धमाका हो गया। एनआईए का अनुमान है कि इसके पीछे किसी बड़े गिरोह का हाथ है। धनंजय और करीमुल उसके सदस्य हैं। मंडल भी उनका साथी था।



**अविनाश कुमार राय, आईपीएस, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस जिला ढलाई, त्रिपुरा का नॉर्थ त्रिपुरा में दशहरा के दौरान भड़के हुए हिंदू मुस्लिम दंगे को रोकने में अविनाश राय का बहुत बड़ा योगदान रहा है। अविनाश कुमार को पढ़ेगा समाज बढ़ेगा समाज अभियान के साथी यूपीएससी 2007 बैच के बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट के पद पर कार्यरत आशुरंजन राय ने शुभकामनाएं दी और स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।**

# बेलीलियस वेलफेयर सोसाइटी का छठ पूजा कैंप का भव्य उद्घाटन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा 121 बेलीलियस लेन स्थित हावड़ा बेलीलियस वेलफेयर सोसाइटी के 12वीं वर्ष छठ पूजा शिविर का उद्घाटन हुआ। यह उद्घाटन विशिष्ट समाज सेवी उद्योगपति राजेंद्र साव के कर कमलों द्वारा बड़े धूम धाम से संपन्न हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश चंद जायसवाल, समाज्ञा के मुख्य संपादक अनिल राय, केशव गुप्ता, महेंद्र जायसवाल, कृष्ण जायसवाल, राजेश जायसवाल, रमेश जायसवाल, राम ताड़क जायसवाल, राम सवार गुप्ता उपस्थित रहे। संस्था सचिव हेमंत विश्वकर्मा, वकील गिरी, अमर जायसवाल, रविशंकर जायसवाल, सुभाष जायसवाल, अनिल जायसवाल, तुषार जायसवाल, कृष्णा साव ने अतिथियों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मान किया। संस्था अध्यक्ष भोला जयसवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों को अतिथियों और अपने संस्था के सदस्यों अजय गुप्ता, रोहित जायसवाल, चंद्रप्रकाश गुप्ता, रितेश जायसवाल, राजेश यादव, मनोज यादव, मनोज सिंह, सुनील जायसवाल, प्रदीप जयसवाल (सोनू) केदार जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल और अन्य सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

# चुंचुड़ा में शादी से पहले युवक का फंदे से झूलता शव बरामद, परिवार में पसरा मातम



**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के चुंचुड़ा में एक युवक का फंदे से झूलता हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार सन्यासी (35) के रूप में हुई है, जो चुंचुड़ा के धर्मपुर इलाके में रहते थे और वहीं उनकी मिठाई की दुकान थी। प्रदीप की शादी 17 नवंबर को होने वाली थी, लेकिन शादी से ठीक पहले हुई इस घटना से परिवार सदमे में है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार की रात प्रदीप अपने दोस्तों के साथ चंदननगर में जगद्धात्री पूजा देखने गए थे। उनके दोस्त विश्वजीत पाल और कार्तिक मंडल ने बताया कि प्रदीप हंसमुख स्वभाव का था और उन्होंने साथ में खाना खाया और रात लगभग 2.30 बजे घर लौटे। उन्होंने कहा कि प्रदीप ने बताया था कि वह दुकान में ही सो जाएगा। गुरुवार की सुबह एक स्थानीय दुकानदार ने उनकी दुकान के सामने एक पेड़ पर उन्हें लटका हुआ पाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को इमामबाड़ा अस्पताल भेजा है। परिवार का कहना है कि प्रदीप के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका था और वह अपने दो भाइयों के साथ रहते थे। परिवार ने प्रदीप के लिए चुंचुड़ा के एक आश्रम की युवती से शादी तय की थी और शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। प्रदीप के बड़े भाई ने बताया कि उन्होंने प्रदीप के लिए दुकान खोली थी और व्यवसाय ठीक चल रहा था। इस मामले में चंदननगर पुलिस आयुक्त अमित पी जावलगी ने बताया कि धर्मपुर में एक अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी का ऐतिहासिक गोपाष्टमी महोत्सव का 9 नवंबर को होगा आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व वंदनीय गोमाता की सेवार्थ 140 वर्षों से सेवारत स्वनामधन्य संस्था कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की ओर से इस वर्ष भी गोपाष्टमी के शुभावसर पर 140वां गोपाष्टमी मेला व गौपूजन महोत्सव का भव्य विराट आयोजन आगामी शनिवार, 09 नवंबर को किया जा रहा है। इसके लिए सोसाइटी की ओर से संचालित सोदपुर गौधाम व लिलुआ गौधाम सहित कोलकाता, हावड़ा, हुगली के विभिन्न स्थानों पर 125 गौपूजन केंद्रों की स्थापना कर ज्यादा से ज्यादा गौभक्तों को गौपूजन का सुअवसर प्रदान करने की तैयारियां सोसाइटी के ट्रस्टी सज्जन भजनका, राधेश्याम गोयनका, सजन कुमार बंसल, विश्वनाथ सेकसरिया, अशोक कुमार तोदी, सुरेश मणकसिया व पुरुषोत्तम परसरामपुरिया के कुशल मार्गदर्शन में चल रही है। ऐसा अनुमान है कि दोनों गोधाम एवं 125 गोपूजन केंद्रों के जरिए लगभग एक लाख से ज्यादा गौभक्तों को गौ पूजा का सुअवसर प्राप्त होगा।

कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश कुमार सरावगी व महामंत्री पवन कुमार टीबड़ेवाला ने बताया कि मुख्य मेला सोदपुर व लिलुआ स्थित गौधामों में अनुष्ठित होगा जहां प्रात: 6.30 बजे से गौपूजन, गौ-परिक्रमा व तुलादान एवं गोआरती का आयोजन होगा। उपाध्यक्ष एवं मेला संयोजक देवकीनंदन तोदी ने बताया कि सोदपुर में शाम 5 बजे एक नई हाइड्रोलिक गौ एंबुलेंस का शुभ उद्घाटन इसके प्रदाता सेंचुरी प्लाईवुड्स के प्रतिनिधि द्वारा किया जायेगा। इसके पश्चात एक विराट गो सभा का आयोजन होगा तथा बाद में गोमाता की विशेष भजन संध्या का आयोजन श्री श्याम मंडल (नूतनबाजार) के सान्निध्य में किया जायेगा।

सोदपुर में गौपूजन तथा तुलादान की विशेष व्यवस्था की जाएगी। लिलुआ गौधाम में विशेष कार्यक्रम के रूप में दोपहर में मंदिर प्रांगण में श्री बालाजी सत्संग समिति द्वारा श्री नंदू जी पेड़ीवाल के सान्निध्य में सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं ममता चांडक, दिव्यांशी एवं रिद्धिमा शारडा द्वारा गौ-भजनों की अमृत वर्षा होगी। शाम 5 बजे से लिलुआ में 5100 प्रदीपों से संध्या गौ आरती का विशेष कार्यक्रम किया जायेगा। उपाध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल व हेमचंद अग्रवाल व सह-सचिव बिमल मलावत, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, राजकमल बांगड व महावीर प्रसाद बजाज ने बताया कि इस बार दोनों जगह मेले में सजी हुई गोमताएं, चटपटे चाट, सुस्वादु व्यंजन व गौ-उत्पाद एवं औषधियों की प्रदर्शनी मेला के विशेष आकर्षण होंगे।

कार्यक्रम, मिडिया व प्रचार प्रभारी सुरेंद्र चमड़िया ने बताया कि जो नगरवासी गोपूजन करने हेतु गौशालाओं में नहीं जा पाते हैं, उन सबके सुविधार्थ कोलकाता एवं हावड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में 125 स्थानों पर सोसाइटी द्वारा गौपूजन केंद्रों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि महानगर के विभिन्न स्थानों से सोसाइटी द्वारा सोदपुर मेले में गौभक्तों के आने जाने के लिए निशुल्क लग्जरी बसों की भी व्यवस्था की गई है। बस सेवा की विस्तृत जानकारी के लिए बस प्रभारी सुनील खेतान या केंद्र प्रभारियों से संपर्क किया जा सकता है।

सोसाइटी ये संपादक विजय निगानिया ने बताया कि सोदपुर गोसभा में प्रधान अतिथि मंडल द्वारा एक सुंदर स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा। गोपाष्टमी मेला आयोजन समिति के केंद्र प्रभारी राजकमल बांगड़, बिमल मलावत, मनोज लुहारीवाल एवं कमल गुप्ता एवं मेला प्रभार से शाखा सचिव गौरीशंकर कालूका, सुरेंद्र पटवारी, दीपक मुरारका, संदीप तुलसियान, अजीत सरावगी के अलावा कर्मठ कार्यकारी गोभक्तगण बिनोद केडिया, कमल केडिया, बिनोद कैलाश सुल्तानिया, सुनील शाह, निर्मल सुनील अग्रवाल, अजय शाह, सुदेश अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, सत्येंद्र अग्रवाल, राजकुमार मित्तल, सत्यनारायण देवरालिया, दीपक कानोडिया, अनिल जैन, धर्मेंद्र सिंह, राजेश सरावगी, प्रदीप जयदेवका सहित सोसाइटी की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी व मेला समिति के सभी पदाधिकारी, सोसाइटी के कर्मीवृंद व कार्यकर्त्ता इस आयोजन की सफलता हेतु जी-जान से जुटे हैं ।

ट्रस्टिगणों ने बताया कि सोसाइटी वर्तमान में अपनी विभिन्न 7 शाखाओं एवं एक आधुनिक गोचिकित्सा अस्पताल के माध्यम से लगभग 7000 गोवंशों की सेवा एवं संरक्षण का कार्य बड़ी दक्षता से कर रही है। सोदपुर के जीवक गोचिकित्सा अस्पताल में बड़ी तादाद में बीमार गोवंशों का निशुल्क इलाज बहुत अच्छे तरीके से किया जा रहा है। साथ ही निर्माण श्रृंखला में कल्याणी में एक विराट नंदीशाला का नवनिर्माण किया जा रहा है, जहां लगभग 1500 नंदी गोवंशों को रखा जा सकेगा तथा कल्याणी स्थित ऐतिहासिक महत्व रखनेवाला गौरांगो महाप्रभु का कुलियापाट मंदिर परिसर के सुंदरीकरण एवं विकास का कार्य भी प्रगति पर है। इसके अलावा सोसाइटी द्वारा कल्याणी एवं चाकुलिया अंचल में विशाल भूखंडों को गौमाता की सेवा हेतु अन्य गोसेवी संस्थाओं को प्रदान किया है, जहां पर लगभग 21,000 गोवंशो की सेवा एवं संरक्षण का कार्य सफलता से किया जा रहा है। इसके अलावा सभी शाखाओं में गोरक्षण हेतु जरूरत के हर प्रकार के नवनिर्माण का कार्य पूरे समाज के सहयोग से जोर शोर चल रहा है एवं आने वाले समय में सभी शाखाओं को आदर्श गोशाला का प्रारूप देने का प्रयास जारी है।

पूरी सोसाइटी की ओर से महानगर निवासियों एवं गोभक्तों से यह विनम्र निवेदन किया गया है कि सुबह के समय में ज्यादा से ज्यादा संख्या में गौपूजन केंद्रों में पधार कर गौ माता की सपरिवार पूजन करें एवं दोपहर पश्चात लिलुआ एवं सोदपुर के विराट सांस्कृतिक एवं सनातनी गो-मेले में सपरिवार पधार कर गोमाता का दर्शन पूजन कर अक्षय पुण्यफल तथा गोमाता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## आज श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती मनाया जाएगा



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती के उपलक्ष्य में आज भगवान सहस्त्रार्जुनजी का पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दिन, सुबह 10. 30 बजे से जायसवाल समाज भवन, 81 एल, बेचू चटर्जी स्ट्रीट में यह कार्यक्रम आयोजित होने जा रही है। संस्था ने सभी से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाये।

# जगद्धात्री पूजा के लिए चलेंगी पांच जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** चंदननगर में आगामी श्री श्री जगद्धात्री पूजा के दौरान यात्रियों की संभावित भारी भीड़ को कम करने के लिए, हावड़ा और बंडेल के बीच पांच जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें और हावड़ा और वर्दवान के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाया जाएगा। इस अवधि के दौरान 08 नवंबर से 12 नवंबर तक अपने रूट के सभी स्टेशनों पर रुकेगी। बंडेल के लिए चार जोड़ी ईएमयू स्पेशल हावड़ा से 17:20 बजे, 19:55 बजे, 20:35 बजे और 23:30 बजे चलेगी। 9 नवंबर से 12 नवंबर तक बंडेल के लिए एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल हावड़ा से 00:30 बजे रवाना होगी। 8 नवंबर से 11 नवंबर के बीच हावड़ा के लिए तीन जोड़ी ईएमयू स्पेशल बंडेल से 18:35 बजे, 21:20 बजे और 21:55 बजे रवाना होगी और हावड़ा के लिए दो जोड़ी




ईएमयू स्पेशल बंडेल से 01:00 बजे रवाना होगी एवं 02:00 बजे। वहीं, 9 नवंबर से 12 नवंबर तक एक अप हावड़ा-वर्दवान ईएमयू स्पेशल हावड़ा से 01:15 बजे चलेगी जबकि 08/09.11 से 11/12.11 तक. वर्दवान-हावड़ा ईएमयू स्पेशल वर्दवान से 22:30 बजे रवाना होगी। इसके अलावा, 12 नवंबर को एक अतिरिक्त हावड़ा-बंडेल-हावड़ा ईएमयू विशेष ट्रेन हावड़ा से 02:35 बजे रवाना होगी और 04:00 बजे बंडेल से प्रस्थान करेगी। इसके अलावा, 36087 हावड़ा-मासग्राम लोकल (हावड़ा प्रस्थान 19:27 बजे) को 08.11.2024 से 11.11.2024 तक वर्दवान तक बढ़ाया जाएगा और एक अन्य वर्दवान-हावड़ा स्पेशल 22:10 बजे वर्दवान से रवाना होगी। उसी दिन बंडेल के माध्यम से 36088 मासाग्राम-हावड़ा लोकल की सेवा 08 नवंबर से 11 नवंबर तक रद्द रहेगी। इसके अलावा, अप दिशा में, 03051 हावड़ा-वर्दवान लोकल हावड़ा से 01:50 बजे चलेगी और 09 नवंबर से 12 नवंबर तक हावड़ा और बंडेल के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी और डाउन दिशा में 03004 अजीमगंज-हावड़ा पैसेंजर स्पेशल बंडेल और हावड़ा के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

# अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## सड़क रेल जलमार्ग पर पुख्ता सुरक्षा का इंतजाम



**हुगली, समाज्ञा :** चार दिवसीय छठ पर्व के तीसरे दिन अस्ताच-लगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए जिले में रिसड़ा समेत चांपदानी, उत्तरपाड़ा, बांसबेड़िया भद्रेश्वर, हिंदमोटर गंगा घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हुगली जिले में बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ छठ पर्व मनाया गया। भगवान भास्कर को पूरी श्रद्धा भक्ति से अर्घ्य दिया गया। इस दौरान गंगा घाटों पर पालिका और प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। चप्पे चप्पे पर पुलिस के आला अधिकारी व पुलिस बल छठ व्रतियों की सुरक्षा के लिए तैनात रहे। स्पीड बोट से सुरक्षाकर्मियों ने घाटों पर अर्घ्य देने वाले छठव्रतियों पर नजर गड़ाए रहे। रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने अपने पालिका क्षेत्र में पड़ने वाले सभी 11 स्थायी और 2 अस्थायी घाट का स्टीमर से निरिक्षण किया। उनके साथ पालिका के वाईस चेयरमैन जाहिद हसन खान व पालिका के तमाम पार्षद मौजूद रहे। छठ पर्व के दौरान आस्था विश्वास शांति सौंदर्य का अटूट संगम देखने को मिला। कुछ छठव्रती दंडवत खाते गंगा घाटों तक पहुंचे। पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा छठ व्रतियों से बच्चों पर अर्घ्य के दौरान विशेष निगरानी का आग्रह किया। इसके अलावा मानव रहित रेलवे फाटक, सड़कों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। पुलिस के आला अधिकारी समय समय पर गश्त लगाते रहे। चप्पे चप्पे पर पुलिस अधिकारी सुरक्षा बल और सिविक वालंटियर, महिला पुरुष जवान पालिका के स्वयंसेवक तैनात रहे। जिले में शांतिपूर्ण रूप से एकता सौहार्दय के साथ छठ पर्व का पालन किया गया। गंगा घाटों पर साफ सफाई की भी व्यापक व्यवस्था की गई। सड़कों को बिजली चलित लाइट और फूलों से सजाया गया। रिसड़ा के भांगा घाट, सुरकी घाट श्रीरामपुर के लखी घाट चांपदानी पलता घाट, बांसबेड़िया गंगा घाट त्रिवेणी संगम घाट पर छठ व्रतियों ने सपरिवार अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्ध्य दिया और विश्व शांति मंगल कामना की। इस अवसर पर पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने कहा कि यह महापर्व सूर्य भगवान की आराधना के लिए जाना जाता है। छठ महापर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक है प्रकृति पर आस्था और उससे जुड़ाव भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है। कहा कि हमारी माताएं बहने 72 घंटे का व्रत रखकर भगवान भास्कर की आराधना करती है। इसके साथ ही चार दिवसीय पर्व का तीसरा दिन संपन्न हो गया। शुक्रवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो जायेगा।

## हावड़ा में छठ महापर्व के तीसरे दिन विभिन्न घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**हावड़ा, समाज्ञा :** छठ महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। छठ महापर्व का तीसरा दिन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन सूर्यास्त पर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। गुरुवार को भी बाली और बेलूड़ के अंतर्गत आने वाले घाटों के अलावा बांधाघाट, ओल्ड नमक गोला घाट, नमक गोला घाट, सीपीटी क्वार्टर घाट, तेलकल घाट, रामकृष्णपुर घाट, शिवपुर घाट, नाजिरगंज घाट समेत शहर के सभी घाटों पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में भरपूर उत्साह देखा गया। विभिन्न तरह के फलों, ठेकुआ व अन्य पकवान एवं जलते दीपक से भरे सूप लिए नदी में खड़े होकर छठव्रतियों ने भक्ति एवं श्रद्धा के साथ सूर्यदेव का पूजन करते हुए डूबते भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित किया। छठ के पारंपरिक गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय बन गया। वहीं, घाटों पर सुरक्षा के लिए कड़े इंतेजाम देखे गए। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात दिखी। महिला पुलिस सादे लिबास में तैनात थी। ड्रोन से घाटों की कड़ी निगरानी की जा रही थी। इसके अलावा, लोगों की सहायता के लिए विभिन्न स्वयं सेवी संस्था के सदस्य घाटों पर मौजूद रहे।

## ममता बनर्जी ने रिसड़ा छठ पर्व का वर्चुअल उद्घाटन किया



**हुगली, समाज्ञा :** चार दिवसीय छठ पर्व के तीसरे दिन अस्ताच-लगामी भगवान भास्कर के पहले अर्घ्य के दौरान रिसड़ा के प्रेम घाट से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने छठ पर्व का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मौके पर श्रीरामपुर लोकसभा से सांसद कल्याण बनर्जी, जिला कलेक्टर मुक्ता आर्या, पुलिस कमिश्नर अमित पी.जवालगी, डीसीपी अर्णव विश्वास, रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, कोननगर नगरपालिका के चेयरमैन स्वपन कुमार दास, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, रिसड़ा नगरपालिका के वाईस चेयरमैन जाहिद हसन खान समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी छठ व्रतियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आस्था का महापर्व बंगाल में शांति सौहार्द एकता की मिसाल पेश करता है। यह कठिन पर्व है। रिसड़ा में हिंदी भाषियों की एक बड़ी आबादी निवास करती है। बड़े स्तर पर छठ पर्व का आयोजन होता है। कहा कि बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां जाति धर्म से भेदभाव नहीं किया जाता। यहां सभी धर्मों का सम्मान भाव से पालन किया जाता है। राज्य में छठ पर्व के दौरान दो दिनों का अवकाश घोषित किया गया है। रिसड़ा सभी 12 स्थायी और अस्थायी घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए आस्था की भीड़ उमड़ती है। इस दौरान चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए। महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी एवं ड्रोन से विशेष नजर रखी जा रही है।



छठ महापर्व के अवसर पर उत्तरपाड़ा में अमित राय का परिवार



गंगा घाट पर अर्घ्य देते भाजपा नेता मनोज पांडेय

## छठ पूजा के पावन अवसर पर छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण



**हावड़ा, समाज्ञा :** आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर मध्य हावड़ा 29 नंबर वार्ड के डाक्टर पी.के बनर्जी रोड स्थित इस यंग स्टार ऐसोसिएशन की ओर से विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी छठव्रतियों के बीच सामग्रियों का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष अमित जायसवाल ने कहा कि विगत 14 वर्षों से इस संस्था के बैनर तले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों की सुविधा हेतु व गरीबों के बीच वस्तुओं को वितरण किया जाता है। मूलत: छठ पूजा के पावन अवसर पर इस बार भी यह कैंप लगाया गया। जहां सैकड़ों लोगों के बीच पूजन सामग्रियों को वितरण किया गया। जिसमें केला का घौद, सूप ईख, साड़ी, फल-फूल एवं अन्य सामग्री मौजूद थी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अमित जायसवाल, रामबच्चन ठाकुर, संतोष सिंह, चंदन चौहान, बलराम साव, सागर साव, लोकनाथ गुप्ता, संदेश साव, सूरज साव, उत्पल व संस्था के अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरूआत के साथ ही समापन उगते हुए सूर्य देव की पूजा अर्चना के बाद होती है। इन दौरान, तीन दिनों तक यह कैंप चलता है, जहां पूजन की सभी सामग्री उपलब्ध रहती है। साथ ही, उगते सूरज को अर्थ देने के बाद घर लौटते हुए लोगों के लिए यहां नाश्ते का भी प्रबंध किया जाता है।



कोलकाता में रामचंद जायसवाल ने सपरिवार समेत धूमधाम से छठ पूजा मनाया

## सोनालिका ने अक्टूबर'24 में 20,056 कुल ट्रैक्टरों के साथ अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री रिकॉर्ड किया दर्ज

कोलकाता, समाज्ञा : भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालिका ट्रैक्टर्स ने अक्टूबर'24 में 20,056 कुल ट्रैक्टरों के अपने सर्वाधिक मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। सोनालीका ट्रैक्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ा मासिक प्रदर्शन किसानों के लिए अनुकूलित ट्रैक्टर बनाने और कृषि समृद्धि को बढ़ावा देने के कंपनी मिशन के अनुरूप है। सबसे बड़े त्योहारी सीजन के दौरान, कंपनी ने अपने वार्षिक 'हैवी ड्यूटी धमाका' ऑफर द्वारा किसानों के लिए उचित मूल्य पर उन्नत तकनीक से लैस ट्रैक्टरों की पेशकश की जिससे किसानों को जीवन आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन मिला है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हम 20,056 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ पिछले सभी मासिक बिक्री रिकॉर्ड को पार करके उत्साहित हैं, और ये हमारे कृषक समुदाय के साथ साझा किया गया एक गौरवपूर्ण क्षण है।

## बीबीडी बाग नागरिक कल्याण समिति के छठ पूजा सेवा शिविर का उद्घाटन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बी बी डी बाग नागरिक कल्याण समिति द्वारा रानी रासमोनी घाट, बाबूघाट पर श्रध्दालुओ की सहायता के लिए सेवा शिविर लगाया गया। सेवा शिविर का उदवघाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व वार्ड 45 के पार्षद संतोष पाठक ने किया। इस मौके पर भोला यादव, शिवराज बालमीकि, काली नाथ सिंह, पप्पू वर्मा, विनोद दूबे, सेखवहाब, गुलाम भाई मुख्य रूप से उपस्थित थे। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए दवा, एम्बुलेंस और पानी टैंकर के सा-साथ रात के समय माता रानी के प्रसाद का भंडारा का भी आयोजन किया गया। राजू सिंह, अजय सिंह, राम प्रवेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, फुरक़ान घनी, कलीचरण हेला, दीपक हेलक़, ग्रीस सिंह, बबलू साव, मासूम अली, देशबंधु, जावेद हुसैन, बबलू चौधरी, सोनू ठाकुर, गोपाल बिस्वासरामदेव राम, बुल्लु मल्लिक आदि का सेवा शिविर को सफल बनाने मे सक्रिय योगदान रहा।

## पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा ने छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री किया वितरण




**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा के विभिन्न साहू संस्थाओं ने आस्था के महापर्व छठ पर छठव्रतियों के बीच सूप, साड़ी एवं पूजन सामग्री का वितरण किया। इसके साथ ही, विभिन्न घाटों पर छठव्रतियों की सहायता के लिए पूरी श्रद्धा के साथ सेवा कार्य भी किया। इस साहू संस्थाओं में कलकत्ता साहू समाज, टॉलीगंज साहू समाज, मध्य कलकत्ता साहू समाज, साल्टलेक साहू समाज, भवानीपुर साहू समाज, दक्षिणदारी साहू समाज, साहू युवा परिषद एवं महिला परिषद सिलीगुड़ी, साहू महिला परिषद दार्जिलिंग, हावड़ा साहू समाज, हावड़ा भारतीय साहू समाज, बांसद्रोणी साहू समाज, गार्डनरिच साहू समाज, अलीपुरद्वार साहू समाज, शोभाबाजार साहू समाज, राजाबाजार नार्केलडांगा साहू समाज, सेवड़ापुली साहू समाज, जयगांव साहू समाज एवं अनेक संस्था शामिल हैं।

## युवा शक्ति संगम कोलकाता का छठव्रती महिलाओं के बीच किया साड़ी और पूजन सामग्री वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** युवा शक्ति संगम कोलकाता द्वारा छठ पूजा के शुभ अवसर पर भट्टनगर स्थित सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सैकड़ों छठव्रती महिलाओं को साड़ी और पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर युवा शक्ति संगम के अध्यक्ष बिमल सिपानी ने कहा कि छठ पूजा भाईचारा, पवित्रता और स्वच्छता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में छठ पूजा मनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैयालाल गुप्ता, प्रवीण चौधरी, विजय तिवारी, निर्मलचंद चौधरी, संतोष देवी चौधरी, तापस पंडित एवं राहुल मलिक का विशेष योगदान रहा।

## श्री मां कम्प्लेक्स ने छठव्रतियों के लिए की छठ पूजा की व्यवस्था



**कोलकाता, समाज्ञा :** हर साल की भांति इस साल भी अस्ताच-लगामी सूर्य को अर्घ्य देती सैंकड़ों महिलाओं ने अर्घ्य दिया। जिसकी व्यवस्था श्री मां कम्प्लेक्स छठ पूजा समिति के द्वारा किया गया। इस व्यवस्था को रूप देने में समिति के सचिव के.पी पांडेय, अध्यक्ष एस के दासगुप्ता, मेघनाथ साह, अशोक कुंवर, राजेश सिंह, सुमन ओझा, संजय सिंह, गोपाल सिंह एवं पिंटु पांडेय की सहयोगिता सराहनीय है। यह जानकारी समिति के सह सचिव बैकुंठ ओझा ने दी।

## पवित्रम सेवा परिवार ने छठ पूजा सेवा शिविर के साथ की लोगों की सेवा




**कोलकाता, समाज्ञा :** पवित्रम सेवा परिवार द्वारा गुरुवार को छठ पूजा सेवा शिविर लगाया गया। यह शिविर मानसरोवर छठ घाट, कोयला नगर, धनबाद में कई जगहों पर लगाया गया। जिसमें फल एवं अन्य पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर पवित्रम सेवा परिवार के संस्थापक अजय भरतिआ, मिडिया प्रभारी जितेंद्र अग्रवाल, संजय सिंगल, राजेश सिंह, वंदना घोषाल, विपुल कुमार, अशोक दुबे, अंकित मौर्या, आकाश गुप्ता, संजय भरतिया सहित अनेकों कार्यकर्ता, बहन, भाई सेवा भाव के साथ उप-स्थित रहे।

## वार्ड 45 नागरिक उत्थान समिति का छठ पजा सेवा कैम्प का उद्धाटन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्ड 45 नागरिक उत्थान समिति द्वारा फेयरली प्लेस लॉन्च घाट में संचालित महापर्व छठ पूजा में सेवा कैम्प का सुनील चौबे द्वारा आयोजन किया गया। इस उद्धाटन समारोह में प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पार्षद संतोष पाठक, विनोद तिवारी, चंद्रेश मेघानी (रोमी भाई), राजेंद्र प्रसाद सिंह, जनार्दन मिश्रा, भोला यादव, रोहित पाठक, छात्र परिषद नेता शम्मी तिवारी, दिनेश मिश्रा समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष पांडे, मोहन सिंह, श्रीकांत पांडे, सचिन सिंह, अनिल सिंह, गोपाल सिंह, बबलू मंडल, अनूप पांडे, अमित सिंह, धुरंधर राय समेत अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## शब्दाक्षर ओडिशा का काव्य अनुष्ठान सम्पन्न




**कोलकाता/भुवनेश्वर :** भुवनेश्वर के उत्कल अनुज हिंदी पुस्तकालय, सत्यनगर में राष्ट्रीय अध्यक्ष शब्दाक्षर रवि प्रताप सिंह के आह्वान पर प्रदेश समिति शब्दाक्षर ओडिशा के तत्व-ावधान में प्रान्तीय अध्यक्ष सुधीर कुमार 'सुमन' की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता विषय पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इस काव्य समागम में शिक्षाविद और साहित्यकार अशोक पांडेय, प्रदेश सचिव डॉ.विद्युत प्रभा गंतायत, संगठन मंत्री धर्मवीर शर्मा, अमित रंजन, गौरी शंकर झा, रामकिशोर शर्मा एवं रूनु आदि ने अपने वक्तव्य एवं कविताओं से राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र जागरण का संदेश दिया। अध्यक्ष सुथीर सुमन ने 'जयचंद से सावधान' कविता से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन प्रदेश सचिव शब्दाक्षर ओडिशा डॉ.विद्युत प्रभा गंतायत के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

## मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का दीपावली प्रीति मिलन सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा एवं श्री मैढ़ क्षत्रिय महिला समिति के दीपावली प्रीति मिलन समारोह में सपरिवार उपस्थित समाज बंधुओं एवं अतिथियों का स्वागत श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष शंकरलाल सणखत, सचिव जगदीश प्रसाद सुगन्ध एवं कार्यकर्ताओं ने किया। सभा के संरक्षक सदस्यों ने कोलकाता स्वर्णकार समाज के सभी बुजुर्गों, युवा बंधुओं के प्रति आभार और श्री मैढ़ क्षत्रिय महिला समिति के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। प्रीति सम्मेलन में समाजसेवी श्रीराम मौसूण, पवन कुल्थिया (बी एस के), प्रह्लाद राय सुनालिया, राधेश्याम कड़ेल, काली चरण मौसूण, कोषाध्यक्ष देवी दत्त बराडिया, विजय कुल्थिया, प्रहलाद कुल्थिया, मनोज कड़ेल, मनोज भामा, नंद किशोर भामा, दिलीप नारनौली, कैलाश नारनौली, भीमसेन भामा, रवि मौसूण एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ महिला समिति की मीनाक्षी भामा, सरोज सुनालिया, मंजू कुल्थिया, बबीता बराड़िया ने परस्पर एक - दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी। संयोजक भास्कर सुनालिया, राजेश भामा, जय प्रकाश कुल्थिया एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाकुम्भ में रेलवे स्टेशनों पर 10 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी उद्घोषणा

**प्रयागराज :** संगम की रेती पर होने जा रहे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के आवागमन आदि के बारे में 10 क्षेत्रीय भाषाओं में उद्घोषणा की जाएगी। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज रेल मंडल, महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा देने के सभी संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में पहली बार बहुभाषी उद्घोषणा की व्यवस्था की जा रही है। इससे अलग अलग भाषा बोलने और समझने वाले लोगों को उनकी भाषा में ट्रेनों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी।

### काशी की देव दीपावली को भव्यता का स्वरूप दे रही उप्र सरकार

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या के दीपोत्सव के बाद 15 नवंबर को काशी की देव दीपावली को भव्य बनाने की तैयारी कर रही है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, देव दीपावली पर संस्कृति, विरासत और परंपरा के संरक्षण के साथ ही आधुनिकता का समावेश भी दिखेगा। बयान में कहा गया है कि सरकार काशी के ऐतिहासिक घाट की दीवार पर सनातन धर्म के अभिन्न अध्यायों का '3डी प्रोजेक्शन' के जरिए चित्रण करेगी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि चेत सिंह घाट पर '3डी प्रोजेक्शन मैपिंग लेजर' शो का आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि आंधे घंटे का यह कार्यक्रम मां गंगा के अवतरण और भगवान शिव की महिमा पर आधारित होगा। काशी में 15 नवंबर को देव दीपावली मनाई जाएगी। देव दीपावली की शाम गंगा के तट पर स्थित घाट दीपों की रोशनी में सराबोर होंगे। इसके अलावा कुंडों, तालाबों और सरोवरों के किनारे भी दीप जगमगाएंगे।



योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में की छठ पूजा, डूबते सूरज को दिया अर्घ्य, ब्रजेश पाठक भी रहे मौजूद

## झारखंड में 'आदिवासियों की दुर्दशा' के कारण मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल हुए: चंपई सोरेन

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू संथाल परगना में आदिवासियों की दुर्दशा के कारण भाजपा में शामिल हुए हैं। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार सोरेन ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए स्थानीय आदिवासियों के लिए समस्याएं पैदा कर रहे हैं और राज्य सरकार कार्रवाई करने में विफल रही है। मुर्मू आगामी चुनावों में बरहेट विधानसभा क्षेत्र से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नामांकन के प्रस्तावकों में से एक थे। सोरेन ने



मुर्मू के कदम का जिक्र करते हुए पूछा, 'क्या आप जानना चाहते हैं कि आदिवासी समुदाय से जुड़े मुद्दों को उठाने वाले इस युवक ने यह निर्णय क्यों लिया?' सोरेन ने कहा, 'इसे समझने के लिए आपको संथाल परगना की वीर भूमि भोगनाडीह की परिस्थिति को देखना होगा। वहां जाते वक्त रास्ते में तथा वीरों के उस गांव में भी आपको सड़क किनारे कई नए पक्के मकान मिलेंगे, जिस पर एक राजनैतिक दल के झंडे लगे दिखेंगे।' उन्होंने दावा किया कि इनमें से ज्यादातर मकान बांग्लादेशी घुसपैठियों के हैं और वे आदिवासी भूमि पर कब्जा करने, समुदाय के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने और आदिवासी महिलाओं के प्रति अनादर दिखाने के लिए राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## भारतीय जनता पार्टी नफरत और भेदभाव की राजनीति करती है: डिंपल यादव

**करहल (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा पर बुधवार को नफरत और भेदभाव की राजनीति करने का आरोप लगाया। करहल विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को होने वाले उप-चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के समर्थन में आयोजित एक जनसभा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए डिंपल यादव ने आरोप लगाया, 'भाजपा समाज को बांटने और भड़काने का काम करती है। केंद्र की 10 साल और प्रदेश की आठ साल की भाजपा सरकार ने हर वर्ग को धोखा दिया है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसानों को डीएपी और अन्य खाद नहीं मिल रही है। नौजवानों को नौकरी-रोजगार नहीं मिल रहा है। एक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी से लोकसभा सदस्य डिंपल यादव ने दावा किया कि भाजपा सरकार ने 'पीडीए' (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) का हक छीना है और 'पीडीए' भाजपा के धोखे को समझ चुका है, इसलिए करहल विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी।

### भाजपा एक खास समुदाय को निशाना बनाकर अपना एजेंडा तय करती है: सोरेन

**खूंटी :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक लाभ के लिए एक खास समुदाय को निशाना बनाकर अपना एजेंडा तय करती है। सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में सांप्रदायिकता का जहर फैला रही है। खूंटी जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा का राज्य की 'माटी, बेटी और रोटी' से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा को केवल राज्य के पैसे और खनिज संसाधनों में रुचि है।

## महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को 'पेइंग गेस्ट' की सुविधा का लाभ दिलाने की तैयारी

**प्रयागराज :** महाकुम्भ मेले में देश विदेश से आने वाले लोगों को घर जैसा माहौल और खानपान उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग स्थानीय लोगों को अपने मकानों का 'पेइंग गेस्ट' के तौर पर उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पर्यटन विभाग के माध्यम से अपना पंजीकरण कराकर अच्छे आचरण, स्वच्छता और आवभगत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनके मुताबिक, अधिक से अधिक लोगों को इस व्यवस्था से जोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर और व्हाट्सऐप नंबर भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से ना सिर्फ श्रद्धालुओं को महंगे होटलों के बजाय 'पेइंग गेस्ट' की बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार का साधन मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि हो सकेगी। सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से फिलहाल 2000 मकानों में 'पेइंग गेस्ट' सुविधा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और पंजीकरण के लिए क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय में महज 50 रुपये के शुल्क के साथ फार्म जमा करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जिन मकानों को 'पेइंग गेस्ट' की सुविधा के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा, उनकी सूची मेला प्रशासन की वेबसाइट और ऐप पर भी प्रदर्शित की जाएगी। इन माध्यमों से पर्यटक और श्रद्धालु 'पेइंग गेस्ट' की सुविधा के लिए संपर्क कर सकेंगे। सिंह ने बताया कि 'पेइंग गेस्ट' के लिए लाइसेंस तीन साल के लिए मान्य होगा।

## भारत-अमेरिका संबंध ट्रंप के तहत और मजबूत होंगे: चिराग पासवान



**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तहत भारत और अमेरिका के संबंध और मजबूत होंगे। पासवान ने कहा कि ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'अच्छी मित्रता' है। पासवान ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री की ट्रंप के साथ हमेशा अच्छी मित्रता रही है। उनके संबंध उस समय भी सौहार्दपूर्ण रहे जब ट्रंप सत्ता से बाहर थे।

मौजूदा परिदृश्य में, भारत-अमेरिका संबंध मजबूत होने वाले हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कनाडा में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को कथित तौर पर बढ़ावा देने को लेकर वहां के जस्टिन ट्रूडो प्रशासन की आलोचना की। कनाडा में एक मंदिर के बाहर हाल में हुए हिंसक प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'घटना निंदनीय है और कनाडाई सरकार के रुख के बारे में चिंता पैदा करती है जो हिंदू विरोधी और खालिस्तान समर्थक है।' लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों तथा कई स्थानों पर उपचुनावों में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में एकतरफा नतीजे आने का भी अनुमान जताया। पासवान ने कहा, 'मैं अगले सप्ताह बिहार में चुनाव प्रचार अभियान शुरू करूंगा, जहां मेरी पार्टी उपचुनाव वाली सभी चार विधानसभा सीट पर राजग की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

## न्यूज अपडेट

### नीतीश कुमार और जे पी नड्डा ने पटना में स्टीमर की सवारी करके छठ उत्सव देखा



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को पटना में घाटों पर छठ उत्सव देखने के लिए गंगा नदी में स्टीमर की सवारी की। नड्डा राज्य के सबसे लोकप्रिय त्योहार छठ पूजा देखने के लिए दोपहर में यहां पहुंचे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और राजग के अन्य नेता भी स्टीमर की सवारी के दौरान कुमार और नड्डा के साथ मौजूद थे। कुमार ने छठ पूजा में हिस्सा लिया और अपने सरकारी आवास पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के साथ स्टीमर की सवारी की। कुमार ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ छठ पूजा में हिस्सा लिया। चार दिवसीय छठ पूजा उत्सव पांच नवंबर को 'नहाय-खाय' अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ और आठ नवंबर को समाप्त होगा।

### बिहार: महिला और उसके तीन बच्चों के शव झोपड़ी के अंदर लटके मिले


**पूर्णिया (बिहार) :** बिहार के पूर्णिया जिले में 32 वर्षीय महिला और उसके तीन बच्चों के शव उनकी झोपड़ी के अंदर लटके हुए पाए गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना रौता थाना क्षेत्र के किलापारा गांव में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला और उसके तीन बच्चे - दो लड़के और एक लड़की बुधवार देर रात अपनी झोपड़ी में साड़ियों के फंदे से लटके पाए गए। मृतकों की पहचान बबीता देवी (32), बेटी रिया (आठ) और दो बेटों सूरज कुमार (पांच) और सुजीत कुमार (तीन) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय बबीता देवी के पति रवि शर्मा मौजूद नहीं थे। बैसी के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदित्य कुमार ने पत्रकारों से कहा, 'घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।' एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि ग्रामीणों का दावा है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**कौशांबी (उप्र) :** जिले की एक अदालत ने नाबालिग दलित लड़की के साथ दुष्कर्म के अभियुक्त को बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) शशांक खरे ने बताया कि जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक मार्च 2022 को थाने में शिकायत की थी कि 25 वर्षीय शमशेर अहमद उसकी 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता महिला जब अभियुक्त के घर गई तो अभियुक्त और उसके पिता ने उसके साथ बदसलूकी की। इस संबंध में थाना कड़ा धाम में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। खरे ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अशोक कुमार श्रीवास्तव ने अभियुक्त शमशेर अहमद को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 26000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया।



## नागा चैतन्य, साई पल्लवी की थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में होगा रिलीज



युवा सम्राट नागा चैतन्य अभिनीत और चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म थंडेल अपनी रिलीज के लिए तैयार है। प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत बनी वास द्वारा निर्मित और अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत, फिल्म का निर्माण पूरा होने वाला है, और निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है।


थंडेल 7 फरवरी को स्क्रीन पर आएगी। यह रिलीज वैलेंटाइन डे से ठीक पहले फिल्म को रणनीतिक रूप से स्थान देती है, जिससे इसे सीजन के रोमांटिक मूड का लाभ उठाने का सही मौका मिलता है।

रिलीज की तारीख के पोस्टर में मुख्य जोड़ी, नागा चैतन्य और साई पल्लवी के बीच शानदार केमिस्ट्री को दिखाया गया है, जो एक सुरम्य समुद्री पृष्ठभूमि पर सेट है। पोस्टर में युगल को एक स्नेही आलिंगन में दर्शाया गया है, जो उनके पात्रों के बीच प्यार के गहरे सागर का संकेत देता है। फिल्म ने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, टीजर और पोस्टर को असाधारण प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। प्रशंसक खास तौर पर नागा चैतन्य और साई पल्लवी की बहुचर्चित जोड़ी को उनकी ब्लॉकबस्टर हिट लव स्टोरी के बाद फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हैं।

थंडेल आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के डी माचिलेसम गांव में हुई वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है, और यह प्यार, एक्शन, ड्रामा और रोमांचकारी क्षणों का एक सम्मोहक मिश्रण पेश करती है। फिल्म में एक प्रभावशाली क्रू भी है, जिसमें संगीत के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद, छायांकन संभालने वाले शमदत और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संपादक नवीन नूली शामिल हैं। कला विभाग का नेतृत्व श्रीनागेंद्र तंगला कर रहे हैं।

फिल्म में नागा चैतन्य और साई पल्लवी सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं। इसे चंदू मोंडेती ने लिखा और निर्देशित किया है और अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत किया गया है। गीता आर्ट्स के बैनर तले बनी वास द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है, जबकि छायांकन शमदत ने किया है। संपादन का काम नवीन नूली ने संभाला है, जबकि कला विभाग का नेतृत्व श्रीनागेंद्र तंगला ने किया है। जनसंपर्क का काम वामसी-शेखर ने संभाला है, और मार्केटिंग का काम फर्स्टशो ने संभाला है।

## लगातार एक जैसे किरदार निभा रहे के के मेनन, अब टाइपकास्ट दिखने लगे हैं 'सिटाडेल' के 'गुरु'



वेब सीरीज सिटाडेल लंबे इंतजार के बाद आखिरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर आ चुकी है। इस शो में वरुण धवन के साथ सामंथा रुथ प्रभु मुख्य किरदार में हैं। शो का निर्देशन द फैमिली मैन और फर्जी जैसी सीरीज बना चुके राज और डीके ने किया है। वहीं, सीरीज में के के मेनन भी हैं। इसमें वह गुरु नाम के शख्स की भूमिका में हैं।

### सिटाडेल हनी बनी में कुछ ऐसा है किरदार

के के मेनन यहां बाबा बने हैं। बाबा यानी अनाथ बच्चों के लिए पिता समान शख्सियत। अनाथालय के बच्चों पर दया दिखाना, उन्हें पढ़ाना लिखाना, ट्रेनिंग देना और फिर इन बच्चों के बड़ा होने पर उन्हें जासूस बनाकर उनका रिंग मास्टर बन जाना। यह पहला मौका नहीं है जब के के मेनन इस तरह की किसी जासूसी सीरीज या फिल्म में नजर आए हैं।

### टाइपकास्ट दिखने लगे के के

इससे पहले भी वह कई स्पाई थ्रिलर प्रोजेक्ट का हिस्सा रह चुके हैं। लंबे समय से के के लगातार पर्दे पर गैंगस्टर और जासूस बनते चले आ रहे हैं। अब इस तरह के किरदार में टाइपकास्ट नजर आने लगे हैं। हाल ही में जियो सिनेमा पर रिलीज हुई सीरीज शेखर होम में वह एक जासूस के किरदार में नजर आए थे। वहीं, स्पेशल ऑप्स की सीरीज में वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह की भूमिका में पिछले दो सीजन में नजर आ चुके हैं। इसके अलावा फर्जी में वह जालसाजी नेटवर्क के सरगना बने दिखे थे। साथ ही, कुछ समय पहले रिलीज हुई जी 5 की सीरीज में खूंखार गैंगस्टर के किरदार में थे।

## धर्मेंद्र को रूढ़िवादी मानती हैं हेमा मालिनी



अभिनेता हेमा मालिनी और धर्मेंद्र बॉलीवुड के चर्चित कपल में से एक हैं। हेमा मालिनी ने 26 साल पहले 1980 में धर्मेंद्र के साथ शादी की थी। हेमा मालिनी अपनी बेटियों के साथ नजर आती हैं। उन्होंने अब अपनी बेटियों को लेकर कुछ बातें साझा की हैं। हेमा मालिनी ने कहा धर्मेंद्र ने अपनी बेटियों के लिए भी घर में कुछ नियम तय किए थे। उन्हें घर से बाहर जाकर छोटे कपड़े पहनना की इजाजत नहीं थी।

### ईशा-अहाना को मॉडर्न कपड़े पहनने की नहीं मिली इजाजत

एक इंटरव्यू के दौरान हेमा मालिनी ने बताया कि धर्मेंद्र अपनी बेटियों के लिए कैसे पिता रहे हैं। हेमा मालिनी ने कहा कि जब भी वे मुंबई आते थे और बच्चों से मिलने जाते थे, उनसे पढ़ाई की बातें करते थे। रही बात कपड़ों की तो वो इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट थे। उन्हें हमेशा सलवार कमीज पहनना पसंद है, जिस समय उन्हें घर आना होता है, मेरी बेटियां सलवार कमीज पहन लेती हैं।

### धर्मेंद्र के सामने सलवार सूट पहनती थीं बेटियां

हेमा मालिनी ने कहा कि धर्मेंद्र को जींस से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन उन्हें सूट बहुत पसंद है इसलिए मैं भी बेटियों से कहती हूं कि अगर पिता को सूट बहुत पसंद है तो तुम सूट ही पहनों।

### धर्मेंद्र ने कभी नहीं देखा हेमा का परफॉर्मेंस

हेमा मालिनी इंटरव्यू में बताया कि वह बहुत पारंपरिक और रूढ़िवादी हैं। उन्होंने आज तक मेरा कोई भी स्टेज परफॉर्मेंस नहीं देखा है, हालांकि वे दुनिया भर में बेहद लोकप्रिय हैं। उन्हें लगता है कि मैं स्टेज पर बहुत अलग दिखती हूं। उन्हें लगता है कि जब भी मैं परफॉर्म करती हूं तो मैं उनकी नहीं होती। जाहिर है, मैं बहुत अलग दिखती हूं इसलिए, वह मेरे शो नहीं देखना चाहते।

### इस फिल्म के सेट पर हुई थी पहली मुलाकात

हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की पहली फिल्म 'तुम हसीन मैं जवान' थी। दोनों ने पहली बार साथ में इस फिल्म में काम किया था। दोनों की कलाकार इस फिल्म में मुख्य भूमिका में थे। हेमा को पता था कि धर्मेंद्र शादीशुदा हैं और चार बच्चों के पिता हैं। वह अभिनेता को शुरू में काफी इग्नोर करती थीं, लेकिन धीरे-धीरे खुद अभिनेत्री धर्मेंद्र के प्यार में पड़ गईं। खबरों की मानें तो धर्मेंद्र और हेमा ने दोनों ने इस्लाम धर्म अपना लिया था और शादी कर ली थी।



## 'हंटर' की शूटिंग के दौरान घायल हुए सुनील शेट्टी, बोले- 'कोई गंभीर बात नहीं! मैं बिल्कुल ठीक हूं'

अभिनेता सुनील शेट्टी अपनी आगामी सीरीज हंटर के सेट पर घायल हो गए। वह अपने शूट के दौरान स्टंट कर रहे थे। इस दौरान उनकी पसलियों में चोट लग गई। हालांकि, खुद सुनील शेट्टी ने अपनी हालत की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गंभीर चोट नहीं लगी है, मैं बिल्कुल ठीक हूं।

### स्टंट करते समय घायल हो गए अभिनेता

खबर आई कि हंटर के लिए स्टंट खुद करने के लिए मशहूर शेट्टी चार से पांच स्टंट कलाकारों के साथ एक हाई-इंटेंसिटी फाइट सीन कर रहे थे, तभी एक दुर्घटना हुई। इस सीन में लकड़ी के लॉग को सहारा के तौर पर इस्तेमाल किया गया था, लेकिन गलत समय पर हरकत के कारण लॉग गलती से अभिनेता की पसलियों में जा लगा। इसी घटना में सुनील शेट्टी घायल हो गए।

### अभिनेता को आई है गंभीर चोट

बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी को इस दौरान गंभीर चोट आई हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने बताया, सुनील गंभीर रूप से घायल हैं। चोट का आकलन करने के लिए डॉक्टर और एक्स-रे मशीन को सेट पर बुलाया गया है। शेट्टी को अभी बहुत दर्द हो रहा है। मुंबई में जो शूटिंग हो रही थी, उसे अब रोक दिया गया है।

सुनील शेट्टी ने दी अपनी हालत की जानकारी सुनील शेट्टी ने लिखा, मामूली चोट, कोई गंभीर बात नहीं! मैं बिल्कुल ठीक हूं और अगले शॉट के लिए तैयार हूं। सभी के प्यार और देखभाल के लिए आभारी हूं। वेब सीरीज के सेट पर मामूली चोट लगी है, उन्होंने उन खबरों को खारिज कर दिया कि उन्हें गंभीर चोट लगी है।

वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे अभिनेता सुनील शेट्टी अगली बार 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे, जिसमें अक्षय कुमार, दिशा पटानी, परेश रावल, जैकलीन फर्नांडीज, लारा दत्ता, रवीना टंडन, अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े भी नजर आएंगे। हाल ही में आफताब शिवदासानी भी फिल्म की कास्ट में शामिल हुए। अहमद खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म सिनेमाघरों में क्रिसमस से पहले 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली: छठ पूजा की तैयारी के दौरान यमुना में शव तैरता मिला

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के शाहीन बाग में यमुना नदी के किनारे छठ पूजा की तैयारी के दौरान सड़ी-गली हालत में एक शव तैरता मिला। :घाट बनाने और पर्व की तैयारी में लगे स्थानीय निवासियों ने नदी में तैरते शव को देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। :उन्होंने बताया कि पुलिस को बृहस्पतिवार सुबह कालंदी कुंज पुल के नीचे ओखला बैराज में शव के बारे में सूचना मिली। शव के गले में और कलाई पर रुद्राक्ष की माला थी। पुलिस ने बताया कि बाद में उसकी पहचान तेलंगाना के करीमनगर निवासी चोकला श्रीनिवास के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि शव पूरी तरह से सड़ चुका था, ऐसा लग रहा था कि यह 10-15 दिन पुराना है।

### हिमाचल प्रदेश: ग्रामीणों ने सड़क को चौड़ा करने के लिए खुद के निर्माणों को गिराया

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) :** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के एक गांव में श्मशान घाट तक जाने वाली सड़क को चौड़ा करने के लिए लोगों ने खुद ही अपने घरों के कुछ हिस्से, मवेशियों के शेड और चारदीवारी को गिरा दिया। गांव के उप-प्रधान ने बताया कि ग्रामीणों ने सड़क के निर्माण के लिए धनराशि भी दी है। बिझड़ी विकास खंड के बड़ागांव पंचायत के वार्ड नंबर चार (चठियाल बास) के ग्रामीणों ने गांव के बीच में तीन से चार फुट चौड़े रास्ते की चौड़ाई को और बढ़ाने के लिए आपसी सहमति जताई है। श्मशान घाट तक जाने वाले दशकों पुराने इस मार्ग पर वाहन नहीं चल पाते हैं जिसके कारण बुजुर्गों और विकलांगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बड़ागांव पंचायत के उप-प्रधान बलराम सिंह ढटवालिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि कुछ ग्रामीणों ने अपनी चारदीवारी ढहा दी, जबकि कुछ ने अपने गेट पीछे कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीणों ने हाल ही में एक बैठक की और निर्णय लिया कि अगर किसी की जमीन, घर, पशुशाला या चारदीवारी सड़क निर्माण में बाधा बन रही है तो जमीन मालिक इसे दूर करने में हरसंभव सहयोग करेंगे।

### मुंबई पुलिस ने शाहरुख खान को धमकी भरे कॉल के सिलसिले में रायपुर के व्यक्ति को तलब किया

**रायपुर :** अभिनेता शाहरुख खान को फोन पर कथित तौर पर धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक व्यक्ति से पूछताछ की तथा उसे नोटिस दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। रायपुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शाहरुख खान को फोन पर धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने फैजान खान नामक व्यक्ति से पूछताछ की है तथा उसे नोटिस दिया गया है। पहले इस व्यक्ति का नाम फैयाज़ खान बताया गया था। उन्होंने बताया कि शाहरुख खान को धमकी देने के मामले में मुंबई के बांद्रा थाने में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच के लिए मुंबई पुलिस रायपुर पहुंची है। पुलिस ने पंडरी थाना क्षेत्र के निवासी फैजान खान से पूछताछ की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने फैजान खान से प्रारंभिक पूछताछ की तथा उसे नोटिस जारी कर बांद्रा थाने में हाजिर होने के लिए कहा।

### उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को छह से 15 हजार रुपये पेंशन मिलने पर शीर्ष अदालत हैरान

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 6,000 रुपये से 15,000 रुपये के बीच मामूली पेंशन मिलने पर ''हैरानी'' जताई। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिन्होंने कहा है कि उन्हें मात्र 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है। याचिकाकर्ता, जिला अदालत में 13 साल तक न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवा देने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किये गए थे। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने पेंशन की गणना करते समय उनकी न्यायिक सेवा पर विचार करने से इनकार कर दिया था।

# पलक्कड़ में महिलाओं के कमरे में पुलिस का दाखिल होना गलत: प्रियंका

**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केरल के पलक्कड़ में महिला कांग्रेस नेताओं के होटल के कमरों की पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने की बृहस्पतिवार को निंदा की और कहा कि यह गलत है। पलक्कड़ में विधानसभा उपचुनाव हो रहा है। प्रियंका गांधी ने 'एशियानेट' समाचार चैनल से कहा, ''होटल में छापेमारी के बहाने आधी रात को पुरुष पुलिसकर्मियों का महिलाओं के कमरे में घुसना गलत था।'' पलक्कड़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान के बीच बुधवार को काले धन के संदेह में एक होटल में आधी रात को पुलिस की छापेमारी से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। प्रियंका वायनाड लोकसभा उपचुनाव में यूडीएफ की उम्मीदवार के तौर पर छापेमारी के संबंध में किए गए सवाल का जवाब दे रही थीं। आधी रात के करीब पुलिस ने होटल में तलाशी



ली जिनमें वे कमरे भी शामिल थे जहां बिंदु कृष्णा और शनिमोल उस्मान सहित कांग्रेस की प्रमुख महिला नेता ठहरी हुई थीं। घटना ऐसे समय में हुई है जब कांग्रेस - संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) अपनी मौजूदा सीट को बरकरार रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, जबकि सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) - राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कांग्रेस से इस सीट को छीनने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उनका यह बयान केरल में राजनीतिक तूफान के बीच आया है, जहां सत्तारूढ़ माकपा ने सीसीटीवी फुटेज में एक कांग्रेस कार्यकर्ता को ट्रॉली बैग के साथ होटल में पहुंचते हुए दिखाए जाने के बाद जांच की मांग की है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ ने वामपंथी पार्टी पर मीडिया को फुटेज जारी करने का आरोप लगाया है और चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि माकपा (एम) ने पूर्व नियोजित कार्रवाई में पुलिस तंत्र का दुरुपयोग किया है। इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को होटल से काला धन निकालने में मदद की।

## देशभर में धूमधाम से मनाई गई छठ पूजा










## 'बटेंगे तो कटेंगे' बयान पर अजित पवार बोले

### महाराष्ट्र के लोग ऐसी टिप्पणी पसंद नहीं करते

**पुणे :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में अपना नारा ''बटेंगे तो कटेंगे'' दोहराए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख अजित पवार ने कहा कि राज्य के लोग इस तरह की टिप्पणी पसंद नहीं करते। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि प्रदेश के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है। योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज, राजर्षि शाहू महाराज और महात्मा फुले का है। आप महाराष्ट्र की तुलना अन्य राज्यों से नहीं कर सकते, महाराष्ट्र के लोगों को यह पसंद नहीं है।'' उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज की शिक्षा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की थी। राकांपा प्रमुख ने कहा, ''जब दूसरे राज्यों से लोग यहां आते हैं, तो वे अपने लोगों को ध्यान में रखते हुए बयान देते हैं, लेकिन महाराष्ट्र ने कभी इसे स्वीकार नहीं किया और यहां के सभी चुनावों का यह इतिहास रहा है।''

## सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती नियमों को बीच में नहीं बदला जा सकता: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के नियमों में तब तक बीच में बदलाव नहीं किया जा सकता जब तक कि ऐसा निर्धारित न किया गया हो। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन जारी करने से शुरू होती है और रिक्तियों को भरने के साथ समाप्त होती है। पीठ ने कहा, भर्ती प्रक्रिया के प्रारंभ में अधिसूचित सूची में दर्ज पात्रता मानदंड को भर्ती प्रक्रिया के बीच में तब तक नहीं बदला जा सकता जब तक कि मौजूदा नियम इसकी अनुमति न दें या विज्ञापन मौजूदा नियमों के विपरीत न हो। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने सर्वसम्मति से कहा कि यदि मौजूदा नियमों या विज्ञापन के तहत मानदंडों में बदलाव की अनुमति है तो इन्हें संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होना चाहिए, मनमाना नहीं। पीठ ने कहा कि वैधानिक शक्ति वाले मौजूदा नियम प्रक्रिया और पात्रता दोनों के संदर्भ में भर्ती निकायों पर बाध्यकारी हैं।

## सनातन और संतों के काम में आने वाली बाधाओं को संघ के स्वयंसेवक डंडा लेकर दूर करेंगे : मोहन भागवत



**बांदा (उप्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि सनातन और संतों के काम में आने वाली बाधाओं को संघ के स्वयंसेवक 'डंडा' लेकर दूर करेंगे। संघ प्रमुख ने बुधवार को चित्रकूट के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित युग तुलसी पंडित रामकिंकर उपाध्याय के जन्मशताब्दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''कुछ लोग उभरते भारत को दबाने की कोशिश रहे हैं। यह सत्य भारत है, जो कभी दबता नहीं है। यह हर संकट से उबर कर आगे बढ़ता रहेगा। सनातन और संतों के काम में आने वाली बाधाओं को संघ के स्वयंसेवक डंडा लेकर दूर करेंगे।'' भागवत ने देश की वर्तमान स्थिति को लेकर 'देश विरोधी ताकतों' पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कठोर परिश्रम के बाद देश का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा, विश्व में चल रहे युद्ध में धर्म की ही जीत होगी। धर्म और सत्य की ताकत के आगे अधर्म को हार का सामना करना पड़ेगा। हर हिंदू के लिए आगे बढ़ने के लिए रामायण और महाभारत प्रेरणा है। हर हिंदू देश निर्माण में अपना धर्म निभाए।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि तमाम ताकतें अयोध्या में राम मंदिर बनने में अड़ंगा लगा रही थीं, लेकिन भगवान की ताकत के आगे किसी की नहीं चली और साढ़े पांच सौ साल बाद आखिरकार सत्य और धर्म की जीत हुई। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार संघ को भी शुरुआत के दिनों में खाने-पीने, रहने और बैठक को लेकर कठिन संघर्ष करना पड़ा लेकिन आज स्थिति बदल गई है।

## रेलवे बोर्ड का फर्जी सतर्कता अधिकारी बनकर बेटिकट यात्रा करने वाला पकड़ा गया, टीटीई पुरस्कृत

**नयी दिल्ली :** उत्तर मध्य रेलवे जोन ने एक टिकट निरीक्षक को पुरस्कृत किया है जिन्होंने रेलवे बोर्ड का वरिष्ठ अधिकारी बताकर एक प्रमुख ट्रेन में कथित तौर पर बेटिकट यात्रा कर रहे एक यात्री के बारे में रेलवे पुलिस को सचेत किया था। दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस में ट्रेन निरीक्षक के पद पर तैनात दिवाकर तिवारी को हाल ही में एक्जीक्यूटिव क्लास में बेटिकट यात्रा कर रहे एक व्यक्ति का सामना करना पड़ा। यात्री ने खुद को रेलवे बोर्ड का सहायक सतर्कता अधिकारी बताया और कथित तौर पर पहचान पत्र, आधार कार्ड और यात्रा पास सहित फर्जी दस्तावेज दिखाए। तिवारी को संदेह हुआ और उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जिन्होंने रेलवे बोर्ड से पुष्टि कर पता लगाया कि यात्री ट्रेन से मुफ्त में यात्रा करने के लिए नकली दस्तावेज लेकर आया था। उसे नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया गया। तिवारी को 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। तिवारी को इससे पहले भी उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है, जब वह कानपुर में वाणिज्यिक निरीक्षक और ट्रेन टिकट निरीक्षक के पद पर तैनात थे।

## न्यूज अपडेट

### ईडी ने फेमा जांच में अमेजन, फ्लिपकार्ट के 'तरजीही' विक्रेताओं के परिसरों पर छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ''उल्लंघन'' जांच के तहत ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट के लिए काम करने वाले कुछ ''मुख्य विक्रेताओं'' के परिसरों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के तहत दिल्ली, गुरुग्राम और पंचकूला (हरियाणा), हैदराबाद (तेलंगाना) और बेंगलुरु (कर्नाटक) में स्थित इन ''तरजीही'' विक्रेताओं के कुल 19 परिसरों की तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि ईडी ने करीब छह ऐसे विक्रेताओं के दस्तावेजों का अवलोकन किया और कुछ की प्रतियां लीं। विक्रेताओं के नाम नहीं बताए गए। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत दो बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कई शिकायतों पर जांच शुरू की है। आरोप लगाया गया है कि ये कंपनियां ''प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वस्तुओं या सेवाओं के बिक्री मूल्य को प्रभावित करके और सभी विक्रेताओं को समान अवसर प्रदान नहीं करके भारत के एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।'' दोनों ई-कॉमर्स कंपनियों की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### न्यायालय ने ग्रीष्म अवकाश का नाम बदल कर 'आंशिक न्यायालय कार्य दिवस' किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने अपने पारंपरिक ग्रीष्म अवकाश का नाम बदल कर ''आंशिक न्यायालय कार्य दिवस'' कर दिया है। यह बदलाव, विभिन्न वर्गों से उस हालिया आलोचना के मद्देनजर मायने रखता है जिसमें कहा गया था कि शीर्ष अदालत में लंबा अवकाश रहता है। यह घटनाक्रम उच्चतम न्यायालय नियमें, 2013 में एक संशोधन का हिस्सा है जो अब उच्चतम न्यायालय (दूसरा संशोधन) नियमें, 2024 बन गया है और इसे पांच नवंबर को अधिसूचित किया गया। अधिसूचना में कहा गया है, ''आंशिक न्यायालय कार्य दिवस की अवधि और न्यायालय एवं इसके कार्यालयों के लिए अवकाश के दिनों की संख्या ऐसी होगी, जो प्रधान न्यायाधीश द्वारा निर्धारित की जा सके और यह रविवार को छोड़कर 95 दिन से अधिक नहीं हो तथा इसे आधिकारिक गजट में प्रकाशित किया जाएगा।'' इसमें कहा गया है कि प्रधान न्यायाधीश आंशिक कार्य दिवसों या छुट्टियों के दौरान, नोटिस के बाद सभी याचिकाओं, अत्यावश्यक प्रकृति के नियमित मामलों या ऐसे अन्य मामलों की सुनवाई के लिए एक या एक से अधिक न्यायाधीशों को नियुक्त कर सकते हैं, ''जैसा भी प्रधान न्यायाधीश निर्देश दें।'' मौजूदा प्रणाली के तहत उच्चतम न्यायालय में हर साल ग्रीष्म और शीतकालीन अवकाश होता है। हालांकि, शीर्ष अदालत इस अवधि के दौरान पूर्ण रूप से बंद नहीं होती। गर्मियों के दौरान, महत्वपूर्ण और तत्काल महत्व के विषयों की सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश द्वारा ''अवकाशकालीन पीठ'' गठित की जाती है।

## पिथौरागढ़ दिल्ली से हवाई मार्ग से जुड़ा, पहली वाणिज्यिक उड़ान नैनी सैनी हवाई अड्डे पर उतरी



**पिथौरागढ़ :** उत्तराखंड का सीमावर्ती जिला पिथौरागढ़ बृहस्पतिवार को दिल्ली से हवाई मार्ग से जुड़ गया और राष्ट्रीय राजधानी से पहली वाणिज्यिक उड़ान यहां नैनी सैनी हवाई अड्डे पर यात्रियों को लेकर पूर्वाह्न 11 बजे उतरी। नैनी सैनी हवाई अड्डे के प्रबंधक दीपक सैनी ने कहा, 42 सीट वाला 'एलायंस एयर' का विमान सप्ताह में तीन दिन दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिथौरागढ़ के लिए उड़ान भरेगा। आज इसकी पहली उड़ान थी। उन्होंने बताया कि आज की पहली उड़ान से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गणेश भंडारी सहित कुल 21 यात्री दिल्ली से पिथौरागढ़ पहुंचे जबकि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा सहित 27 यात्री पिथौरागढ़ से दिल्ली के लिए रवाना हुए। पहली उड़ान को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नयी दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वरिष्ठ भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी और पिथौरागढ़ के विधायक मयूख सिंह महर ने पिथौरागढ़ और दिल्ली के बीच उड़ान सेवा शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी की प्रशंसा की। पिथौरागढ़ जिला पंतनगर, देहरादून और हल्द्वानी से पहले ही हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ है।

## 'बिहार कोकिला' शारदा सिन्हा का पटना में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया



**पटना :** लोकप्रिय लोक गायिका शारदा सिन्हा का बृहस्पतिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ यहां अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार उनके पुत्र अंशुमान सिन्हा ने किया तथा भावुक माहौल में उन्हें मुखाग्नि दी। पटना के महेंद्रू इलाके में गुलबी घाट श्मशान के बाहर शारदा सिन्हा के अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों प्रशंसक जमा हुए थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी मौजूद थे। राजेंद्र नगर क्षेत्र (कंकड़बाग के पास) स्थित शारदा सिन्हा के आवास से श्मशान घाट तक अंतिम यात्रा निकाली गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। 'पद्म भूषण' से सम्मानित शारदा सिन्हा का मंगलवार रात को निधन हो गया था। सिन्हा एक प्रकार के रक्त कैंसर 'मल्टीपल मायलोमा' से ग्रसित थीं। उनका नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज हो रहा था। वह 72 वर्ष की थीं। लोकप्रिय लोकगायिका का पार्थिव शरीर बुधवार को विमान के जरिये नयी दिल्ली से पटना लाया गया। पटना हवाई अड्डे पर बिहार के कई मंत्री मौजूद थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके घर गए और पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के बृहस्पतिवार शाम को सिन्हा के घर जाने की उम्मीद है। 'बिहार कोकिला' के रूप में विख्यात शारदा सिन्हा ने 'कार्तिक मास इजोरिया', 'सूरज भइले बिहान' सहित कई लोकगीत और छठ पर्व के गीत गाए। उन्होंने 'तार बिजली' और 'बाबुल' जैसे हिट हिंदी फिल्मी गाने भी गाए। छठ पर्व के पहले दिन उनका गुजरना भी एक तरह का संयोग है, जिसने लोगों को और भावुक कर दिया। कई लोग इसे विधि का विधान बता रहे हैं। प्रशिक्षित शास्त्रीय गायिका सिन्हा को अपनी गायकी में शास्त्रीय और लोक संगीत के मिश्रण के लिए व्यापक रूप से सम्मानित किया गया।

## जम्मू कश्मीर विधानसभा में विशेष दर्जे के प्रस्ताव पर हंगामा, सदन दिन भर के लिए स्थगित



**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर विधानसभा में पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के विरोध और हंगामे के कारण, विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिन भर के स्थगित कर दी। इस दौरान भाजपा विधायकों की मार्शलों के साथ हाथापाई भी हुई। विरोध जता रहे भाजपा विधायक आसन के समीप आ गए और अध्यक्ष ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर के निर्देश पर कम से कम तीन विधायकों को सदन से बाहर कर दिया गया, लेकिन विपक्षी सदस्यों के विरोध के कारण हंगामा बढ़ता गया। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सुबह जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा सदस्यों ने बुधवार को पारित किए गए प्रस्ताव को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। प्रस्ताव में केंद्र से पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने का अनुरोध किया गया था। भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा जब प्रस्ताव पर बोल रहे थे तो अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेता और विधायक लंगेट शेख खुर्शीद एक बैनर दिखाते हुए आसन के समक्ष आ गए, जिस पर लिखा था कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को बहाल किया जाए। इस पर भाजपा सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। वे भी आसन के समक्ष आ गए तथा बैनर छीनकर उसे फाड़ दिया। हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। हालांकि, सदन स्थगित होने के बाद भी भाजपा सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा।

## वक्फ विवाद : जेपीसी अध्यक्ष ने कर्नाटक में पीड़ित किसानों से 500 से अधिक अर्जियां प्राप्त कीं




**हुबली/विजयपुरा :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को बृहस्पतिवार को कर्नाटक के उत्तरी जिलों के उन किसानों से 500 से अधिक अर्जियां प्राप्त हुईं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया गया है। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद और जेपीसी सदस्य तेजस्वी सूर्या भी उनके साथ थे। पाल ने अपनी यात्रा के दौरान हुबली, विजयपुरा और बेलगावी का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने किसानों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने शिकायत की थी कि राज्य वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर दावा कर रहा है। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या के कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''जगदंबिका पाल और सूर्या को विजयपुरा, बीदर, कलबुर्गी, हुबली, बागलकोट और बेलगावी के किसानों की 500 से अधिक याचिकाएं प्राप्त हुईं, जिनमें कहा गया था कि उनकी कृषि भूमि पर वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा रहा है।'' पाल ने कहा कि वह ''तथ्य अन्वेषण'' और पीड़ितों से मिलने के लिए राज्य में आए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों और विभिन्न संगठनों ने उन्हें दस्तावेज और ज्ञापन सौंपे हैं। पाल ने कहा कि किसानों और संगठनों को आश्वासन दिया गया है कि उनके मुद्दे पर जेपीसी में चर्चा की जाएगी और रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने पूछा, ''हो सकता है कि राज्य सरकार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को किसानों को बेदखल न करने के निर्देश दिए हों, लेकिन क्या इस मुद्दे का समाधान हो जाएगा? रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई है, वक्फ ने दस्तावेजों में बदलाव सुनिश्चित किए हैं।

## अय्यर के दोहरे शतक से मुंबई ने ओडिशा पर शिकंजा कसा



**मुंबई:** श्रेयस अय्यर ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां 233 रन बनाए जिससे मुंबई ने ओडिशा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए क्रिकेट मैच में दूसरे दिन चार विकेट पर 602 रन बनाकर पारी घोषित की। अय्यर ने लगातार दूसरा रणजी शतक जड़ा जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी है। उन्होंने इस दौरान लगभग 103 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अय्यर को वापसी कर रहे सिद्धेश लाड का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 337 गेंद में 17 चौकों की मदद से नाबाद 169 रन बनाए। मुंबई की टीम कल के स्कोर तीन विकेट पर 385 रन से आगे खेलने उतरी और टीम ने 217 रन और जोड़े। अय्यर और लाड ने चौथे विकेट के लिए 354 रन की साझेदारी की जो 42 बार के चैंपियन मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में रिकॉर्ड है। मेजबान टीम के स्पिनरों हिमांशु सिंह (22 रन पर दो विकेट) और शम्स मुलानी (52 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद दो-दो विकेट चटकाकर ओडिशा का स्कोर पांच विकेट पर 146 रन कर दिया। ओडिशा की टीम अब भी पहली पारी के आधार पर 456 रन से पीछे है। दिन का खेल खत्म होने पर संदीप पटनायक 73 जबकि देबब्रत प्रधान सात रन बनाकर खेल रहे थे। पुणे के सेना के पहली पारी के 293 रन के जवाब में महाराष्ट्र की टीम 185 रन पर ढेर हो गई जिससे मेहमान टीम ने 108 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। सेना ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 15 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 123 रन तक पहुंचाई। सेना की ओर से अमित शुक्ला ने 65 रन देकर सात विकेट चटकाए। महाराष्ट्र की तरफ से कप्तान अंकित बवाने ने सर्वाधिक 73 रन की पारी खेली। शिलांग में जम्मू-कश्मीर ने मेघालय के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक विकेट पर 16 रन बना लिए हैं। टीम को जीत के लिए 59 रन और बनाने हैं। मेघालय के बल्लेबाजी दूसरी पारी में भी नाकाम रहे और टीम 195 रन पर सिमट गई।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चमक बिखेरने उतरेंगे भारत के दूसरी श्रेणी के स्टार



**डरबन:** भारतीय क्रिकेट जब बदलाव के दौर से गुजर रहा है तब संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे दूसरी श्रेणी के स्टार खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी चमक दिखेर कर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश करेंगे। सैमसन को हाल में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में पारी का आगाज करने का मौका मिला था और उन्होंने 47 गेंद पर 111 रन की पारी खेल कर टीम प्रबंधन के फैसले को सही साबित किया था। रोहित शर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और ऐसे में सैमसन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ अच्छी पारियां खेल कर इस प्रारूप में भारतीय शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा के लिए भी यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि जिंबॉब्वे के खिलाफ जुलाई में हरारे में आकर्षक शतक बनाने के बाद वह रन बनाने के लिए जूझते रहे हैं। उन्हें अपनी जगह पक्की करने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। वह बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज के रूप में भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। इसी तरह की स्थिति तिलक वर्मा की है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए अपने प्रदर्शन से प्रभाव छोड़ा था लेकिन इसके बाद वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने अब तक जो 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं उनमें उनके नाम पर केवल एक अर्ध शतक दर्ज है। उन्होंने अपना आखिरी मैच इस साल जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। हैदराबाद का यह खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वह अपनी ऑफ स्पिन का भी बेहतर इस्तेमाल करना चाहेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के लिए भी यह अच्छा मौका होगा। चक्रवर्ती ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट लेकर प्रभावित किया था। चयनकर्ता इस बात पर भी बारीकी से नजर रखेंगे कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, अवेश खान, विशाक विजयकुमार और यश दयाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। अर्शदीप और अवेश को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अनुभव है जबकि विशाक और दयाल ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई है। एक और खिलाड़ी रमनदीप सिंह है जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था और यही वजह है कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनको रिटेन किया। रमनदीप में एक संपूर्ण क्रिकेटर नजर आता है। वह निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाज, मध्यम गति के तेज गेंदबाज और बेहतरीन क्षेत्र रक्षक हैं। टीम के सीनियर खिलाड़ी जैसे कप्तान सूर्यकुमार यादव, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला को यादगार बनाने की कोशिश करेंगे। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसकी टीम जून में टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के हाथों मिली हार का बदला चुकता करने के लिए बेताब होगी।

## न्यूज अपडेट

### कार्टी और किंग के शतक, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड से श्रृंखला जीती

**ब्रिजटाउन:** कीसी कार्टी और ब्रैंडन किंग के शतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को सात ओवर शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीती। सलामी बल्लेबाज किंग ने 117 गेंद पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 102 रन बनाए जबकि कार्टी ने 114 गेंद पर नाबाद 128 रन बनाए जिसमें 15 चौके और दो छक्के शामिल हैं। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 43 ओवर में दो विकेट पर 267 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट 24 रन पर गंवाने के बावजूद अच्छी वापसी करके आठ विकेट पर 263 रन बनाए थे। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (74) और डैन मूसली (57) ने अर्धशतक जमाये। सैम कुरेन ने 40 रन का योगदान दिया जबकि जेमी ओवरटन ने 21 गेंदों में 32 और जोफ्रा आर्चर ने 17 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। इससे इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में 100 रन जोड़े।

### एटीपी फाइनल्स में सिनर और अल्काराज अलग ग्रुप में

**तूरिन:** यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज को बृहस्पतिवार को हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के ड्रॉ में अलग-अलग ग्रुप में जगह मिली। सिनर और अल्काराज की भिड़ंत सेमीफाइनल से पहले नहीं होगी। इली नास्तासे ग्रुप में सिनर के अलावा दानिल मेदवेदेव, टेलर फ्रिट्ज और एलेक्स डि मिनोर को जगह मिली है जबकि जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में अल्काराज, एलेक्जेंडर ज्वेरेव, कास्पर रूड और आंद्रे रूबलेव शामिल हैं। साल के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाला यह टूर्नामेंट रविवार को शुरू होगा और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे। सिनर ने 2024 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन का खिताब जीता जबकि अल्काराज ने दो अन्य ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन और विंबलडन का खिताब अपने नाम किया।

### डब्ल्यूपीएल की फ्रेंचाइजी ने बड़े नामों को रिटेन किया

**नयी दिल्ली:** स्मृति मंधाना, एलिस पैरी, शेफाली वर्मा, मेग लेनिंग और हरमनप्रीत कौर कुछ बड़े नाम है जिन्हें उनकी फ्रेंचाइजी ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र के लिए रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को 14 खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की जिसमें छह विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। कप्तान स्मृति, स्टार बल्लेबाज पैरी और विकेटकीपर रिचा घोष को डब्ल्यूपीएल चैंपियन टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी जैसी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखा है। विदेशी खिलाड़ियों में लेनिंग, दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी और एनाबेल सदरलैंड को टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। डब्ल्यूपीएल 2025 से पहले मुंबई इंडियन्स ने 14 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है। मुंबई ने कप्तान हरमनप्रीत, नैट स्किवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, सजना सजीवन, सेइका इशाक जैसी खिलाड़ियों को रिटेन किया है। रिटेन खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है:

**रिटेन की गईं भारतीय खिलाड़ी:** जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, शिखा पांडे, तानिया भाटिया, मीनू मणि, स्नेहा दीप्ति, टिटास साधु रिटेन की गईं विदेशी खिलाड़ी: मेग लेनिंग, मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू:** रिटेन की गईं भारतीय खिलाड़ी: स्मृति मंधाना, रिचा घोष, सब्बिनेनी मेघना, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, रेणुका सिंह, एकता बिष्ट, कनिका आहूजा रिटेन की गईं विदेशी खिलाड़ी: केट क्रॉस, डेनियल वॉट हॉज, एलिस पेरी, जॉर्जिया वेयरहैम, सोफी डिवाइन, सोफी मोलिन्यु

**मुंबई इंडियंस:** रिटेन की गईं भारतीय खिलाड़ी: हरमनप्रीत कौर, शबनिम इस्माइल, यस्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, सजना सजीवन, सेइका इशाक, अमनजोत कौर, जिंतिमनी कलीता, कीर्तना बालाकृष्णन और अमनदीप कौर। रिटेन की गईं विदेशी खिलाड़ी: नेट स्काइवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमेलिया केर, शब्निम इस्माइल, क्लो ट्रायोन।

## विशाखापट्टनम में बैडमिंटन अकादमी स्थापित करेगी पीवी सिंधु



**विशाखापट्टनम:** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु की स्वप्निल परियोजना बैडमिंटन और खेल उत्कृष्टता के लिए पीवी सिंधु केंद्र विशाखापट्टनम में स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में बैडमिंटन के अलावा अन्य खेलों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसे आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। सिंधु ने इसके लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का आभार व्यक्त किया। सिंधु ने यहां जारी बयान में कहा, ''मैं विशाखापट्टनम के लोगों के लिए इस केंद्र को स्थापित करने के लिए वास्तव में आभार व्यक्त करती हूं। इस खेल केंद्र की स्थापना के लिए इससे बेहतर स्थान नहीं हो सकता। यह केंद्र ऐसा स्थान होगा जिसकी सभी स्तर के खिलाड़ी सेवाएं ले सकेंगे।''

## सूर्यकुमार ने रोहित से सीखा: जब आप हारते हैं तो जीवन में संतुलन महत्वपूर्ण हो जाता है



**डरबन:** रोहित शर्मा की नेतृत्व क्षमता के मुरीद सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया कि वह 'उनकी कप्तानी के तरीके' का अनुसरण करते हैं और अपनी टीम के साथ मैदान के बाहर काफी समय बिताते हैं जिसका असर उनके मैदानी प्रदर्शन पर दिखता है। रोहित की तरह ही सूर्यकुमार अपने खिलाड़ियों की मानसिकता को समझकर उन्हें एकजुट रखने और मुश्किल समय में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं। टी20 विश्व कप में विजयी अभियान के बाद भारत के सबसे छोटे प्रारूप के कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने वाले सूर्यकुमार ने निश्चित रूप से अपनी कप्तानी की जरूरतों के अनुसार इसमें बदलाव किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर सूर्यकुमार से जब न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-3 की हार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'जीतना और हारना खेल का अहम हिस्सा है। सभी ने कड़ी मेहनत की है। कभी आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं और कभी नहीं।' उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे (रोहित) सीखा है कि जिंदगी में संतुलन बहुत जरूरी है। अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भले ही आप हार जायें लेकिन आपका जज्बा नहीं बदलना चाहिए। खिलाड़ी में यह गुण होना चाहिए।' सूर्यकुमार के लिए रोहित कप्तान नहीं बल्कि एक नेतृत्वकर्ता हैं। दुनिया के इस शीर्ष टी20 बल्लेबाज ने कहा, 'एक नेतृत्वकर्ता वो होता है जो तय करता है कि उसकी टीम एक विशेष प्रारूप में किस तरह से खेलेगी।' दोनों करीब एक दशक तक रणजी ट्रॉफी टीम मुंबई और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में एक साथ खेल चुके हैं जिससे रोहित की कप्तानी की शैली उनके अंदर कूट कूट कर भर चुकी है। सूर्यकुमार ने कहा, 'जब मैं मैदान पर होता हूं तो मैं उन्हें नोटिस करता रहता हूं। उनकी भाव भंगिमा किस तरह की है और वह हमेशा शांत रहते हैं।

# समाज्ञा व्यापार

## सोना 1,650 रुपये टूटकर 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे, चांदी 2,900 रुपये लुढ़की



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतें लुढ़क गईं। सोना 1,650 रुपये की जोरदार गिरावट के साथ 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग तथा विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण मुख्यत: बहुमूल्य धातु की कीमतों में गिरावट आई। बुधवार को सोने की कीमत 1,650 रुपये गिरकर 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 81,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं के कमजोर उठाव के कारण चांदी की कीमत भी 2,900 रुपये लुढ़ककर 93,800 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बुधवार को इसका भाव 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 1,650 रुपये गिरकर 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में इसका भाव 80,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 836 अंक लुढ़का



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी का रुख बृहस्पतिवार को थम गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत दर संबंधी निर्णय के पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे सेंसेक्स 836 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 285 अंक नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होने को लेकर बना उत्साह फीका पड़ जाने से भी घरेलू बाजार की रफ्तार सुस्त पड़ गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 836.34 अंक यानी 1.04 प्रतिशत फिसलकर 79,541.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 958.79 अंक गिरकर 79,419.34 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 284.70 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,199.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर ही लाभ के साथ बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार पिछले दिन हासिल बढ़त को गंवा बैठा। कंपनियों के दूसरी तिमाही के निराशाजनक नतीजों और विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।' नायर ने कहा कि ट्रंप की चुनावी जीत को लेकर पैदा हुआ उत्साह धीमा पड़ गया। इसके अलावा अब निवेशकों की नजर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक के नतीजे पर टिक गई है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.67 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.44 प्रतिशत का नुकसान दर्ज किया गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली रही और सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की गिरावट धातु खंड में रही जबकि जिंस खंड में 1.65 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'अमेरिकी चुनाव के बाद नजरें अब फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों और उसकी टिप्पणियों पर लगी हैं।'

## न्यूज अपडेट

### एचडीएफसी बैंक ने चुनिंदा परिपक्वता अवधि वाले कर्ज पर ब्याज दर 0.05 प्रतिशत बढ़ाई

**नयी दिल्ली:** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को चुनिंदा परिपक्वता अवधि के कर्ज पर कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) 0.05 प्रतिशत बढ़ा दी। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, एक साल की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर दर को 9.45 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। इसी के आधार पर ज्यादातर उपभोक्ता कर्ज मसलन वाहन और व्यक्तिगत ऋण की दरें तय की जाती हैं। हालांकि, एक दिन के लिए एमसीएलआर 9.10 प्रतिशत से बढ़कर 9.15 प्रतिशत हो गई है, जबकि एक महीने की दर 0.05 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9.20 प्रतिशत हो गई है।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा का दूसरी तिमाही में मुनाफा 35 प्रतिशत बढ़कर 3,171 करोड़ रुपये

**मुंबई:** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 3,171 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में शुद्ध लाभ 2,348 करोड़ रुपये था। एमएंडएम लिमिटेड ने बयान में कहा, दूसरी तिमाही में एकीकृत राजस्व 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 37,924 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 34,436 करोड़ रुपये था। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने कहा, ''हमारे व्यवसायों ने इस तिमाही में ठोस परिचालन प्रदर्शन किया है। मोटर वाहन और कृषि ने बाजार हिस्सेदारी हासिल की और मुनाफे का विस्तार करते हुए बाजार नेतृत्व को मजबूत करना जारी रखा।'' एमएंडएम के अनुसार, मोटर वाहन खंड ने सर्वाधिक 2.31 लाख तिमाही कारोबार किया। यह पिछले साल की समान तिमाही से नौ प्रतिशत अधिक है, जबकि यूटिलिटी वाहनों की बिक्री भी इस दौरान सर्वाधिक 1.36 लाख रही।

### बीएसई, ओबेरॉय रियल्टी, वोल्टास दो अन्य को एमएससीआई इंडिया सूचकांक में किया जाएगा शामिल

**नयी दिल्ली:** एमएससीआई की नवीनतम सूचकांक समीक्षा के अनुसार बीएसई, ओबेरॉय रियल्टी और वोल्टास सहित पांच कंपनियों को 25 नवंबर 2024 से एमएससीआई इंडिया सूचकांक में जोड़ा जाएगा। सूचकांक संकलक एमएससीआई की घोषणा के अनुसार, बीएसई, ओबेरॉय रियल्टी, कल्याण ज्वैलर्स, एल्केम लैबोरेटरीज और वोल्टास एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल होंगे। एमएससीआई द्वारा किए गए नवीनतम पुनर्गठन के अनुसार, एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स के घटकों में बदलाव 25 नवंबर 2024 को कारोबार सत्र के समाप्त होने पर होगा। एमएससीआई वैश्विक निवेश समुदाय के लिए महत्वपूर्ण निर्णय समर्थन उपकरणों तथा सेवाओं का अग्रणी प्रदाता है।

### वाहन बिक्री घटने पर जापानी कंपनी निसान ने 9,000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया

**टोक्यो:** जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी निसान ने अपनी बिक्री में गिरावट तथा भंडारण की लागत बढ़ने के चलते 9,000 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी को इस वजह से चालू वित्त वर्ष की ताजा तिमाही में घाटा हुआ है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मकोतो उचिदा ने कहा कि उन्होंने निराशाजनक नतीजों की जिम्मेदारी लेते हुए अपने वेतन में 50 प्रतिशत की कटौती की है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि कंपनी की स्थिति में जल्द सुधार होगा। निसान मोटर कॉर्प ने वैश्विक स्तर पर 9,000 लोगों की छंटनी करने की घोषणा की है, जो कि उसके 1,33,000 का छह प्रतिशत बैठता है। इसके अलावा कंपनी की अपने वैश्विक उत्पादन में 20 प्रतिशत की कटौती करने की योजना भी है। उचिदा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि इस कटौती से कौन से क्षेत्र प्रभावित होंगे।

## रेल के जरिये 840 टन प्याज गुवाहाटी पहुंचा, पूर्वोत्तर राज्यों में किया जाएगा वितरण



**नयी दिल्ली:** केंद्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए गुवाहाटी में रेल रैक से 840 टन प्याज पहुंचाया गया है। एक सरकारी बयान में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा, 'थोक आपूर्ति की गति को बनाए रखा गया है और रेल रैक द्वारा 840 टन प्याज की खेप पांच नवंबर, 2024 को गुवाहाटी के चांगसारी स्टेशन पर पहुंच गई है।'' एनसीसीएफ (राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ) द्वारा असम, मेघालय, त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न जिलों में प्याज वितरित किया जा रहा है। बयान में कहा गया, ''इससे पूर्वोत्तर राज्यों में प्याज की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उपभोक्ताओं को यह बहुत ही उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा।'' अधिक लागत प्रभावी और कुशल आपूर्ति के लिए इस साल पहली बार नासिक से दिल्ली, चेन्नई और गुवाहाटी जैसे प्रमुख स्थलों तक प्याज का रेल रैक द्वारा थोक परिवहन किया गया है। 18 अक्टूबर को नासिक से कांदा एक्सप्रेस द्वारा 1,600 टन प्याज भेजा गया और 20 अक्टूबर, 2024 को यह दिल्ली के किशनगंज स्टेशन पर पहुंचा। इसके अलावा, 23 अक्टूबर को नासिक से रेल रैक द्वारा 840 टन प्याज भेजा गया था, जो 26 अक्टूबर, 2024 को चेन्नई पहुंचा। 30 अक्टूबर, 2024 को रेल रैक द्वारा दिल्ली में 840 टन प्याज की खेप पहुंची। 30 अक्टूबर, 2024 को असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में निपटान के लिए 840 टन का एक और रेल रैक गुवाहाटी भेजा गया। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा, 'प्रमुख मंडियों में प्याज की थोक आपूर्ति से उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को कम करने में मदद मिली है।'

### ट्राई के परामर्श पत्र में समान अवसर की अनदेखी की गई : न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ने जियो से कहा

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश ने रिलायंस जियो द्वारा मांगी गई कानूनी राय के जवाब में कहा कि उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन पर दूरसंचार नियामक ट्राई के परामर्श पत्र में जमीनी दूरसंचार नेटवर्क के साथ समान अवसर के मुद्दे को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि रिलायंस जियो ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी परामर्श पत्र पर उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एल. नागेश्वर राव से प्राप्त कानूनी राय सौंप दी है। रिलायंस जियो ने दूरसंचार नियामक ट्राई से उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन पर संशोधित दस्तावेज लाने का आग्रह किया है। उसने आरोप लगाया है कि इसमें उपग्रह और स्थलीय सेवाओं के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण बिंदु की अनदेखी की गई है। राव ने रिलायंस जियो द्वारा मांगी गई कानूनी राय पर कहा, 'वर्तमान तथ्यों में ट्राई द्वारा जारी परामर्श पत्र में स्थलीय पहुंच सेवाओं के साथ समान अवसर के मुद्दे को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है।

## सिंधिया ने किया साफ, सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी नहीं होगी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी के बजाय उसका आवंटन किया जाएगा। भारतीय अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल इसकी नीलामी किए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने इसके आवंटन की वकालत की है। सिंधिया ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा कि हालांकि, सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम मुफ्त नहीं दिया जाएगा तथा भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) इसके लिए कीमत तय करेगा। सिंधिया ने कहा, '' हर देश को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का पालन करना होता है, जो अंतरिक्ष या उपग्रहों में स्पेक्ट्रम के लिए नीति निर्धारित करने वाला संगठन है। आईटीयू 'असाइनमेंट' के आधार पर स्पेक्ट्रम दिए जाने के मामले में बेहद स्पष्ट रहा है। इसके अलावा, अगर आप आज दुनियाभर में देखें, तो मुझे एक भी ऐसा देश नहीं दिखता जो उपग्रह के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो।'' भारत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का सदस्य है। मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर जैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धियों ने प्रशासनिक आवंटन का समर्थन किया है। अंबानी की रिलायंस जियो नीलामी के जरिये ऐसे स्पेक्ट्रम के आवंटन पर जोर दे रही है, ताकि उन पुराने परिचालकों को समान अवसर उपलब्ध कराया जा सके जो स्पेक्ट्रम खरीदते हैं, टेलीकॉम टावर जैसे बुनियादी ढांचे की स्थापना करते हैं। वहीं मित्तल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में पिछले महीने उद्योग जगत के एक समारोह में ऐसे आवंटन के लिए बोली लगाने की जरूरत पर जोर दिया था। जियो और मित्तल की भारती एयरटेल भारत की पहले और दूसरे नंबर की दूरसंचार कंपनियां हैं। उनका मानना है कि सरकार द्वारा पूर्व-निर्धारित मूल्य पर सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम देने से असमान प्रतिस्पर्धा का माहौल उत्पन्न होगा, क्योंकि उन्हें अपने स्थलीय 'वायरलेस फोन नेटवर्क' के लिए स्पेक्ट्रम प्राप्त करने को नीलामी में प्रतिस्पर्धा करनी होगी।

वर्ष 9, पूर्णांक 4052 अंक 202, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in